
mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-196 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
18 जुलाई 2025 शुक्रवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



पत्नी अंजुम खान से ...
@ पेज 7

## जयपुर में अमित शाह बोले- राजस्थान पेपरलीक से त्रस्त था

**जयपुर ,एजेंसी।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा- राजस्थान पेपर लीक से त्रस्त था। भजनलाल सरकार ने एसआईटी का गठन कर माफिया को कड़ा संदेश दिया। कांग्रेस के कार्यकाल में बार-बार आतंकवादी हमले होते थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों को बार-बार सबक सिखाया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर उनके ठिकानों को तबाह किया गया। इससे पहले उरी, पुलवामा हमले का भी मुंहतोड़ जवाब दिया गया था। ऊंटों का अस्तित्व को बचाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। कोऑपरेटिव का उपयोग कर ऊंटों का नस्ल संरक्षण और ऊंटनी के दूध के औषधीय गुणों पर रिसर्च शुरू किया गया है। इससे आने वाले दिनों में ऊंटों पर कोई खतरा नहीं आएगा।

शाह गुरुवार को जयपुर से करीब 22 किमी दूर दादिया में थे। यहां सहकारिता सम्मेलन के तहत पुलिस के 100 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाई। सहकार उत्पादों की प्रदर्शनी देखी। सरकारी नौकरी पाने वालों को नियुक्ति पत्र बांटे। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह आज (गुरुवार) दोपहर करीब सवा बारह बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे थे। यहां से दादिया (सभास्थल) के लिए हेलिकॉप्टर से रवाना होना था। खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर उड़ नहीं पाया।

## बिहार में 125 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी

**पटना ,एजेंसी।** बिहार के लोगों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलेगी। साथ ही अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर इसका ऐलान किया।

सीएम ने एक्स पर बताया- हम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से,यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू



उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा। कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी।

## हरियाणा में 500 का सिलेंडर, बीपीएल परिवार नहीं ले रहे

**चंडीगढ ,एजेंसी।** हरियाणा में गरीबी रेखा से नीचे परिवार 500 का गैस सिलेंडर के लिए आवेदन करने से कतरा रहे हैं। यही वजह है कि करीब एक साल बाद भी 46 लाख में से सिर्फ साढ़े 17 लाख बीपीएल परिवारों ने इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

रजिस्ट्रेशन की कम गिनती ने सरकार को भी चौंका दिया है। सरकार को शक है कि सरकारी स्कीमों के चक्कर में खुद को बीपीएल बताने वाले जानबूझकर आवेदन नहीं कर रहे।

इसकी वजह ये है कि सस्ता सिलेंडर देने से पहले खाद्य आपूर्ति विभाग ने भी अपने स्तर पर इनकी वेरिफिकेशन शुरू कर दी है। ऐसे में फर्जी बीपीएल परिवारों को जांच में फंसने का डर है।

इसकी जानकारी मिलने के बाद राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आवेदन करने वालों की भी जांच बिठा दी है। हरियाणा सरकार ने 12 अगस्त, 2024 को हर घर हर गृहिणी योजना की घोषणा की। जिसमें बीपीएल कार्डधारी और अंत्योदय परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलता है। इस योजना में साल में 12 सिलेंडर मिलेंगे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य हरियाणा के उन गरीब परिवारों को भी गैस सिलेंडर की सुविधा मुहैया कराना है, जो अभी भी लकड़ी या कोयले से खाना बनाने को मजबूर हैं। पंजीकरण के लिए सरकार ने विशेष पोर्टल बनाया है।

## अमरनाथ रूट पर लैंडस्लाइड से महिला की मौत

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** यूपी में भारी बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं। नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से बुधवार को अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। हिमाचल में 20 जून से अब तक 109 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही भारी बारिश और बादल फटने जैसी घटनाओं से 818 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति का नुकसान हो चुका है। राजस्थान में झालावाड़ का ढाबा गांव चारों ओर से पानी से घिर गया है। लोग घर की छतों पर फंसे हैं। नागौर, बहरोड़ में स्कूल-मंदिर-ऑफिस में पानी घुस गया है। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में लगातार बारिश की वजह से ग्रामीण इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। लोग सामान लेकर सुरक्षित स्थान की ओर जा रहे हैं।

## मध्यप्रदेश बनेगा वैश्विक वस्त्र विनिर्माण का नया केंद्र–मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल,एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन यात्रा के दूसरे दिन का फोकस वैश्विक कपड़ा एवं फैशन क्षेत्र के दिग्गजों से निवेश संवाद का रहा। स्पेन के गैलिसिया स्थित इंडिटेक्स मुख्यालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को हरित, लागत-प्रतिस्पर्धी और ट्रेसिबल उत्पादन हब के रूप में प्रस्तुत किया।

बैठक में इंडीटेक्स समूह के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापारिक साझेदारी और सतत निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार टेक्सटाइल क्षेत्र में वैश्विक साझेदारियों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इंडिटेक्स जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड की उपस्थिति से राज्य में आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और



हरित उत्पादन को गति मिलेगी। हम इस साझेदारी को सभी स्तरों पर समर्थन देने को तत्पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश देश के शीर्ष कच्चा कपास उत्पादक राज्यों में से एक है, जहाँ सालाना लगभग 18 लाख बेल्स (3 लाख मीट्रिक टन) का उत्पादन होता है। राज्य में 15 से अधिक टेक्सटाइल क्लस्टर हैं इसमें इंदौर, मंदसौर, बुरहानपुर, उज्जैन, नीमच जैसे केंद्र टेक्सटाइल उत्पादन में अग्रणी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धार जिले में भारत सरकार की पीएम मित्रा योजना के अंतर्गत विकसित हो रहा टेक्सटाइल मेगा पार्क इंडिटेक्स जैसे वैश्विक ब्रांडों के लिए सस्टेनेबल और इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग का आदर्श केंद्र बन सकता है।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस पार्क में गारमेंटिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश भारत का अग्रणी ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादक है। राज्य में यहां विशेषकर निमाड़ और मालवा क्षेत्रों में बहुतायत में कॉटन का उत्पादन होता है। यहाँ त्द्धज्ञस-सर्टिफाइड किसान समूह सक्रिय हैं, जो इंडिटेक्स की सस्टेनेबिलिटी और ट्रेसिबिलिटी नीतियों के लिए आदर्श साझेदार हो सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फार्मर-टू-फैब्रिक वैल्यू चेन पर इंडिटेक्स के साथ मिलकर काम करने का सुझाव दिया।

## आकाश प्राइम डिफेंस सिस्टम का भारत ने किया सफल टेस्ट

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय सेना ने लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित एयर डिफेंस सिस्टम आकाश प्राइम का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने इसका वीडियो गुरुवार को जारी किया। इस एडवांस मिसाइल सिस्टम को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने विकसित किया है। इस सिस्टम से पूर्वी लद्दाख में यह 15,000 फीट (4500 मीटर) से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो ड्रोन मार गिराए। आकाश प्राइम, आकाश वेपन सिस्टम का नया और एडवांस वर्जन है। इसे ऊंचाई और कम ऑक्सीजन वाले इलाकों में इस्तेमाल करने के लिए बनाया गया है। सिस्टम के हरेक लॉन्चर में तीन मिसाइलें हैं, जो दागो और भूल जाओ मोड में काम करती हैं। ये मिसाइलें लगभग 20 फीट लंबी और 710 किग्रा वजनी हैं। प्रत्येक मिसाइल 60 किलोग्राम का वारहेड ले जा सकती है। इसके साथ ही यह सिस्टम पूरी तरह ऑटोमैटिक है।

## देवेंद्र फडणवीस से मिले उद्धव ठाकरे

**मुंबई ,एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की।ठाकरे ने विधान परिषद अध्यक्ष राम शिंदे के कक्ष में फडणवीस से मुलाकात की। लगभग आधे घंटे तक चली इस मुलाकात में उद्धव के बेटे और वर्ली विधायक आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। यह मुलाकात फडणवीस के तरफ से उद्धव को दिए ऑफर के एक दिन बाद हुई। जिससे राजनीतिक अटकलें शुरू हो गई हैं। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दोनों की बीच मुलाकात नेता विपक्ष के पद को लेकर हुइ है।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश- वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट पर सवाल

**अहमदाबाद ,एजेंसी।** अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एअर इंडिया के विमान के दोनों पायलटों के बीच आखिरी बातचीत को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी। डब्ल्यूएसजे ने बताया कि यह खुलासा दोनों पायलटों के बीच बातचीत की कॉकपिट रिकॉर्डिंग से हुआ है। वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चला कि बोइंग विमान उड़ा रहे को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन सुमीत सभरवाल से पूछा, आपने फ्यूल स्विच को सीयूटीओफ' पोजिशन में

## दिल्ली में आप पर एक और घोटाले का आरोप



**नई दिल्ली।** दिल्ली की भाजपा सरकार ने बुधवार को पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी की सरकार पर कोविड काल के दौरान एक और गंभीर घोटाला करने का आरोप लगाया।

भाजपा ने बाबा साहेब आंबेडकर के नाम पर चलाई गई जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना में कथित रूप से 145 करोड़ रुपए के घोटाले का दावा किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सिफारिश पर एलजी वीके सक्सेना ने एंटी करप्शन ब्रांच को जांच के आदेश दे दिए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा, वर्ष 2020-21 में आप सरकार द्वारा चलाई जा रही जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। इस योजना का बजट सिर्फ 15 करोड़ रुपए था, लेकिन आप सरकार ने 145 करोड़ से ज्यादा के फर्जी बिलों वाली फाइलों को आगे बढ़ा दिया। आप ने दलितों के नाम पर सत्ता हथिया कर दलित बच्चों के भविष्य को लूटा है। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा अब इन वित्तीय अनियमितताओं की जांच करेगी। बहुत जल्द दूध का दूध और पानी का पानी होगा।

## एसजीपीजी नवंबर में सिख श्रद्धालुओं को पाकिस्तान ले जाएगी

**अमृतसर ,एजेंसी।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नवंबर 2025 में सिख श्रद्धालुओं को पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब ले जाएगी। कमेटी ने वीजा प्रक्रिया शुरू कर दी है। श्रद्धालु 4 अगस्त तक अपने पासपोर्ट जमा कर सकते हैं। हालांकि इससे पहले जून महीने महाराजा रंजीत सिंह की बरसी पर जत्था नहीं भेजा गया था। इस बार भी जत्था भेजने के लिए परमिशन मिलेगी या नहीं फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है लेकिन एसजीपीसी ने अपनी तरफ से प्रक्रिया शुरू कर दी है। शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि हर साल की तरह श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर जत्था भेजा जाएगा। श्रद्धालु गुरुद्वारा प्रकाश स्थान श्री ननकाना साहिब और अन्य गुरुद्वारों के दर्शन कर सकेंगे। पासपोर्ट शिरोमणि कमेटी कार्यालय के यात्रा विभाग में जमा करने होंगे। साथ ही कमेटी निर्वाचन क्षेत्र के सदस्य की अनुशंसा भी जरूरी है। श्रद्धालुओं को पासपोर्ट के साथ पहचान प्रमाण के लिए आधार कार्ड या वोटर कार्ड की फोटोकॉपी देनी होगी। सचिव ने श्रद्धालुओं से सभी दस्तावेज समय पर जमा कराने की अपील की है।

## गुरुग्राम लैंड डील, रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर

**गुरुग्राम,एजेंसी।** हरियाणा के गुरुग्राम लैंड डील केस में एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने बिजनेसमैन और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट पेश की है। यह चार्जशीट लैंड डील से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पेश की गई है। यह पहली बार है कि किसी भी जांच एजेंसी ने किसी आपराधिक मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर की हो। वाड्रा के अलावा इस चार्जशीट में कई अन्य लोगों के साथ कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। यह मामला सितंबर 2008 का है। जो गुरुग्राम के शिकोहपुर (अब सेक्टर 83) लैंड डील से जुड़ा हुआ है। इस केस में रॉबर्ट वाड्रा के साथ हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ साल 2018 में स्नढ्ढक्र दर्ज की गई थी।

## ओडिशा स्टूडेंट डेथ केस- कांग्रेस सहित 8 पार्टियों का प्रदर्शन

**भुवनेश्वर ,एजेंसी।** ओडिशा में सेक्शुअल हैरेसमेंट की शिकार छात्रा की मौत को लेकर विपक्ष ने गुरुवार को ओडिशा बंद बुलाया। प्रदर्शनकारियों ने भद्रक में ट्रेन को रोक दिया। भुवनेश्वर में बसों का चक्काजाम किया। यात्रियों को पैदल ही घर जाना पड़ा। भद्रक जिले के चेन्नई-कोलकाता हाईवे पर टायर जलाए गए। जिसके चलते ट्रकों की लंबी कतार लग गई। वहीं आसपास की कई दुकानों को बंद रखा गया। मार्केट में



सन्नाटा रहा। मयूरभंज में भी लोग सड़क पर प्रदर्शन करने उतरे। कांग्रेस सहित 8 विपक्षी पार्टियां इस प्रदर्शन में शामिल हुईं। इनमें बीजू जनता दल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सवादी सीपीआई(एम), सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के नेता-कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में नजर आए। ओडिशा के बालासोर में फकीर मोहन ऑटोनॉमस कॉलेज में छात्रा ने हैरेसमेंट से तंग आकर 12 जुलाई को खुद को आग लगा ली थी।

## एमएनएस कार्यकर्ताओं ने मुंबई में दुकानदार से मारपीट की

**मुंबई ,एजेंसी।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कार्यकर्ताओं ने मुंबई में एक दुकानदार के साथ मारपीट की। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि दुकानदार ने सोशल मीडिया पर मराठी लोगों के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट की थी। एमएनएस कार्यकर्ता बुधवार को विक्रोली इलाके स्थित दुकान पर पहुंचे और दुकानदार से गाली-गलौच की। दुकानदार को धमकाकर माफी मंगवाई और पकड़कर पूरे इलाके में घुमाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दुकानदार हाथ जोड़कर माफी मांगता दिख रहा है। इस विवाद में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कार्यकर्ताओं ने दखल दिया। भिवंडी नगर अध्यक्ष मनोज गुलवी ने 9 जुलाई को ड्राइवर को माफी मांगने पर मजबूर किया। गुलवी ने धमकी दी कि आगे अगर किसी किसी मराठी युवक को छूने की कोशिश की, तो देख लेना हाथ कहां जाएगा।

## नाना पटोले बोले- 72 से ज्यादा ऑफिसर हनीट्रैप में फंसे

**मुंबई ,एजेंसी।** महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने गुरुवार को आरोप लगाया कि प्रदेश में सामने आए हनीट्रैप कांड में राज्य के मंत्री, सीनियर आईएएस और आईपीएस ऑफिसर शामिल हैं। सरकार जो आंकड़ा बता रही है, वह 72 पर नहीं रुकता। असल में यह कहीं ज्यादा है। पटोले ने कहा- मेरे पास पेन ड्राइव में सारे सबूत हैं। हम किसी का निजी चरित्र हनन नहीं करना चाहते, इसी वजह से अब तक इसे पब्लिक नहीं किया है। सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो विपक्ष इसे जनता के सामने लाने को मजबूर होगा। इससे पहले इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट में बुधवार को दावा किया गया था कि महाराष्ट्र के कई सीनियर अधिकारियों ने एक महिला पर हनीट्रैप में फंसाकर वसूली का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में ठाणे के दो सीनियर पुलिस अफसरों ने शिकायत दर्ज कराई कि एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाने की धमकी देकर उनसे 40-40 लाख रुपए की मांग की थी। विपक्ष का विधानसभा से वॉकआउट मामले में सरकार पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाकर विपक्षी दलों ने विधानसभा से वॉकआउट कर दिया।

## मानसून सत्र पर इंडिया की बैठक 19 जुलाई को

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के बाद दूसरी बार इंडिया गठबंधन के नेता 19 जुलाई (शनिवार) शाम को बैठक करने वाले हैं। इसमें तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी शामिल नहीं होंगी। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन समेत कई नेताओं से बात की है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी सभी दलों के नेताओं को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर होने वाली इस बैठक में बुलाया है। ये



बैठक ऐसे वक्त हो रही है जब मानसून सत्र शुरू होने वाला है और बिहार में मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर घमासान मचा है। इंडिया की आखिरी बैठक इसी साल 3 जून को हुई थी। इसमें केंद्र सरकार से ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग हुई थी। वहीं, इससे पहले 5 जून 2024 को लोकसभा चुनाव को लेकर मीटिंग हुई थी। क्यों नहीं आएंगे तृणमूल और आप तृणमूल कांग्रेस 21 जुलाई को शहीद दिवस मना रही है, इसलिए उसके नेता कोलकाता में बिजी रहेंगे।

## ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता पर कार्यशाला भोपाल में

**भोपाल ,एजेंसी।** मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता पर जागरूकता बढ़ाने के लिये दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। निर्माण भवन, कॉन्फ्रेंस हॉल, भोपाल में आयोजित की जायेगी। कार्यशाला का प्रारंभिक सत्र 17 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगा। कार्यशाला में ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी के सर्टिफाइड मास्टर ट्रेनर श्री राणाप्रताप पोद्दार एवं आर्किटेक्ट श्री जे.के. व्यास द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता की संरचना, उद्देश्य एवं अनुपालन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करना है। साथ ही भवन क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों, इंजीनियरों एवं वास्तुकारों को ऊर्जा दक्ष एवं पर्यावरणीय रूप से उत्तरदायी भवन निर्माण के लिये प्रशिक्षित करना भी प्रमुख लक्ष्य है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को यह समझने में सहायता मिलेगी कि वे कैसे अपने आगामी भवन निर्माण कार्यों में ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता के प्रावधानों को अपनाकर ऊर्जा दक्षता, जल प्रबंधन, अपशिष्ट नियंत्रण तथा बेहतर इनडोर पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को समाहित कर सकते हैं।

कार्यशाला का आयोजन भारत सरकार द्वारा पारित ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक राज्य में एक राज्य नामित एजेंसी की नियुक्ति की जाती है। मध्यप्रदेश में यह भूमिका मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को दी गई है, जो राज्य में ऊर्जा दक्षता से जुड़ी नीतियों के क्रियान्वयन, जागरूकता निर्माण एवं निगरानी का दायित्व निभाता है। ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी के निर्देशानुसार, ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता से जुड़े विभिन्न हितधारकों के लिए ऑनलाइन और भौतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के नामांकित अधिकारियों के लिए यह दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है।

## इंदौर जिले का 11वां ग्रिड ऊर्जीकृत-मंत्री श्री तोमर

**भोपाल ,एजेंसी।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि शासन की महत्वपूर्ण योजना आरडीएसएस में इंदौर जिले का ग्यारहवां 33/11 केवी का ग्रिड ऊर्जीकृत कर दिया गया है। सिरपुर धार रोड में तैयार इस ग्रिड से हजारों उपभोक्ताओं को पहले से ज्यादा गुणवत्ता के साथ बिजली आपूर्ति होगी।

इंदौर जिले में आरडीएएस अंतर्गत 5 एमवीए क्षमता के कुल 11 ग्रिड तैयार हो चुके हैं। देश में आरडीएसएस अंतर्गत पहला ग्रिड इंदौर जिले के ईमलीखेड़ा अरविंदो अस्पताल के पास तैयार हुआ था। इसके बाद बड़ियाकीमा बिचौली के पास, राजोदा, गंगाबांध कंपेल, लिम्बोदागारी, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के पास, बिलावली तालाब के पास, देवास नाका, रसोमा चौराहे के पास, सुलकाखेड़ी पंचकुईया और अब सिरपुर में ग्रिड तैयार हो चुके हैं।

## सांदीपनि और आईसीटी लैब वाले विद्यालयों को मिली कौशल विकास पुस्तिका

**भोपाल ,एजेंसी।** प्रदेश में संचालित सांदीपनि और आईसीटी लैब विद्यालयों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को कम्प्यूटर कौशल से जुड़ी जानकारी पर आधारित पुस्तिका स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। यह पुस्तिका कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिये उपयोगी है। इन पुस्तकों का प्रकाशन पाठ्यपुस्तक निगम से कराया गया है। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने विद्यार्थियों के बीच पुस्तिका के वितरण के संबंध में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किये है। लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षकों को शत प्रतिशत ई-अटेंडेन्स हमारे शिक्षक एप के माध्यम से दर्ज करने के निर्देश जारी किये है।

# राज्यपाल ने मुख्य न्यायाधिपति की शपथ दिलाई

**भोपाल ,एजेंसी।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 29वें मुख्य न्यायाधिपति की शपथ मनोनीत न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा को दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गुरूवार को राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल श्री पटेल और उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने नव नियुक्त मुख्य न्यायाधिपति श्री सचदेवा को शपथ ग्रहण के बाद पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने शपथ ग्रहण समारोह का संचालन किया। उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा न्यायाधीश श्री संजीव सचदेवा को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधिपति नियुक्त किए जाने की अधिसूचना का वाचन किया। शपथ ग्रहण समारोह में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंगार,




विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, हरियाणा के पूर्व राज्यपाल श्री कप्तान सिंह सोलंकी, भोपाल नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, लोकायुक्त श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, मुख्य सूचना आयुक्त श्री विजय यादव, सदस्य मानवाधिकार आयोग श्री राजीव टंडन, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री संजय शुक्ल, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, रजिस्ट्रार जनरल मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय श्री धरमिंदर सिंह, महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, जिला न्यायालय एवं बार के सदस्य, विभिन्न आयोगों के पदाधिकारी सहित जन प्रतिनिधि एवं शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा के साथ माता-पिता के प्रति भी समर्पित रहें विद्यार्थी -राज्यमंत्री कृष्णा गौर

**भोपाल ,एजेंसी।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में माता-पिता का सम्मान सबसे बड़ा गुण है। माता-पिता का आदर और उनके मार्गदर्शन का पालन करने से ही जीवन में सफलता संभव है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर अमरावदखुर्द स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बीडीए कॉलोनी में आयोजित स्कूली बैग वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर 200 विद्यार्थियों को बैग वितरित किए गए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि यह सराहनीय है कि हर वर्ष बच्चों के लिए इस प्रकार के उपयोगी वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।



उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ता है और वे आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में सरकार बच्चों की हरसंभव सहायता के लिए तत्पर है। मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति, साइकिल, स्कूटी और लैपटॉप जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिक्षकगण भी अपने प्रयासों से भविष्य को दिशा दे रहे हैं। कार्यक्रम में सीएमएचओ श्री मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष श्री सुरेंद्र धोटे, पार्षद श्री बी. शक्ति राव, श्रीमती मधु शिवनानी, सुश्री खुशबू सिंह, श्रीमती सीमा पटेल, श्री किशन बंजारे, श्री गणेश राम नागर, श्री अतुल अंजान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## श्योपुर की उभरती खेल प्रतिभाएँ

**भोपाल ,एजेंसी।** श्योपुर जिले की प्रतिभाएँ अब सीमित दायरे में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा रही हैं। खेल के क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयों को छूते हुए श्योपुर जिले के खिलाड़ी जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। हाल ही में दो खिलाड़ियों मिक्स मार्शल आर्ट में मोहम्मद हुसैन और कुश्ती में सुखमन कौर ने अपनी उपलब्धियों से पूरे जिले को गौरवान्वित किया है।

गत 12 और 13 जुलाई को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मिक्स मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में श्योपुर के मोहम्मद हुसैन ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल हासिल किया। देशभर के 18 राज्यों से आए प्रतिभागियों में हुसैन ने विभिन्न मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई और महाराष्ट्र के खिलाड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। मोहम्मद हुसैन ने बताया कि मिक्स मार्शल आर्ट एक तकनीक, ताकत और आंतरिक बल का खेल है और यह भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

श्योपुर की बेटी सुखमन कौर ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराया। किर्गिस्तान में आयोजित एशियन अंडर-15 कुश्ती चैम्पियनशिप में उन्होंने मंगोलिया और कजाकिस्तान की खिलाड़ियों को 10-0 के अंतर से हराकर काँस्य पदक हासिल किया। सुखमन



की इस जीत पर श्योपुर कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में उनका स्वागत और सम्मान किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने एकलव्य अवॉर्ड के लिए सुखमन कौर का नाम अनुशंसा करने के लिए खेल अधिकारी को निर्देशित किया। इसके अंतर्गत दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाती है।

# बिजली चोरी के सूचनादाताओं को पारितोषिक की 5 फीसदी राशि का तुरंत भुगतान

**भोपाल ,एजेंसी।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बिजली चोरी की रोकथाम के लिए पारितोषिक योजना चला रही है। योजना में बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। संशोधित प्रावधानानुसार पांच प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर कर दिया जाता है। अंतिम निर्धारण आदेश के बाद शेष पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली के बाद दी जा रही है। योजना में एक अप्रैल से अब तक 5 सफल सूचनादाताओं को 11 हजार 500 रुपये सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराए गए हैं। इसके साथ ही जांच एवं वसूली की कार्यवाही करने वाले संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को भी 3 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि का भुगतान उनके मासिक वेतन में जोड़कर किया गया है। कंपनी ने ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू होने के पहले कुल 63 प्रकरणों में 7 सफल सूचनादाताओं को उनके खाते में पूर्ण भुगतान के रूप में 2 लाख 18 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी गई है। कंपनी में कार्यरत नियमित कर्मचारी, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारी को भी सूचनादाता के रूप में शामिल किया गया है, परंतु उसे सूचना सही पाए जाने एवं जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश की पूर्ण वसूली होने पर एक प्रतिशत प्रोत?साहन राशि दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि विभिन्न परिसरों की जांच एवं बनाये गये पंचनामा के आधार पर आरोपी के विरूद्ध निकाली गयी राशि की वसूली में सभी कर्मचारियों का महत?वपूर्ण योगदान रहता है।

कंपनी ने विभागीय अधिकारियों-बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों को भी परितोषिक योजना में दी जाने वाली 2.5 (ढाई) प्रतिशत प्रोत्साहन राशि सभी संबंधितों को समान रूप में दी जा रही है। पारितोषिक योजना की पूरी जानकारी जैसे बिलिंग, भुगतान से संबंधित गतिविधियां पूरी तरह से गोपनीय और ऑनलाइन है। अब सूचनाकर्ता को कंपनी के पोर्टल पर गुप्?त रूप से दिए गए प्रारूप में बैंक खाता, पहचान के रूप में आधार अथवा पेन कार्ड देना अनिवार्य है।योजना में सूचनादाता के संबंध में जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखते हुए, कंपनी मुख्यालय से प्रोत्साहन की राशि सीधे संबंधित के बैंक खाते में हस्तांतरित की जा रही है। योजना में क्षेत्रीय, वृत्त स्तर के अधिकारियों को जो शिकायतें प्राप्त होती है, उन शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये कंपनी मुख्यालय के द्वारा सतत रूप से निगरानी भी रखी जा रही है।

# सर्पदंश से बचाव एवं उपचार की जागरूकता के लिये दक्षिण पन्ना वन विभाग की अनूठी पहल

**भोपाल ,एजेंसी।** वन विभाग ने वर्ल्ड स्नेक-डे पर सर्पदंश से होने वाली जनहानि को रोकने और ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दक्षिण पन्ना वन मण्डल द्वारा दो अभिनव पहल की शुरूआत की गयी। पारम्परिक लोक संस्कृति और रचनात्मक शैक्षणिक संसाधनों के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इनमें आल्हा गायन'' और साँप सीढ़ी'' खेल के माध्यम से सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के लिये जागरूक किया जा रहा है। इन दोनों पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर बच्चों और युवाओं को सर्पदंश के




प्रति सचेत करना, अंधविश्वासों से दूर रखते हुए वैज्ञानिक प्राथमिक उपचार की समझ बढ़ाना है। यह प्रयास जन-भागीदारी से जन-जीवन की सुरक्षा के लिये एक प्रभावशाली और प्रेरणादायक कदम है। वन विभाग पन्ना द्वारा बुंदेलखण्ड की प्रसिद्ध वीरगाथा शैली आल्हा'' के माध्यम से एक विशेष लोकगीत की रचना एवं प्रस्तुति करवायी गयी। इसमें सर्पदंश के लक्षणों, सावधानियों एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी सरल बुंदेली भाषा में दी गयी। ऑडियो गीत ग्राम वन समितियों, स्कूलों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी व्यापक रूप से प्रसारित किया जायेगा। क्षेत्रीय लोक संस्कृति के माध्यम से समाज में गहरी और स्थायी जागरूकता आयेगी। ऑडियो गीत के रचनाकार डॉ. सुरेश श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा तैयार किया गया है।

सर्पदंश से बचाव और उपचार की जानकारी को रोचक और प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिये दो विशेष साँप सीढ़ी'' खेल विकसित किये गये हैं।

# चित्रकूट का होगा कायाकल्प, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मिलेंगी विश्व स्तरीय सुविधाएं

**भोपाल ,एजेंसी।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और मुंबई की मेसर्स सावनी हेरिटेज कंजर्वेशन प्राइवेट लिमिटेड के बीच बुधवार को एक महत्वपूर्ण अनुबंध हुआ। इस अनुबंध के माध्यम से जिला सतना में मां मंदाकिनी नदी के तट पर चित्रकूट में विभिन्न विकास कार्य एवं सौंदर्यीकरण के कार्य होंगे, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विश्व स्तरीय विधाएं उपलब्ध होंगी। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला के मार्गदर्शन और अपर प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड सुश्री बिदिशा मुखर्जी की



अध्यक्षता में संयुक्त संचालक श्री प्रशांत सिंह बघेल और मेसर्स सावनी हेरिटेज कंजर्वेशन प्राइवेट लिमिटेड मुंबई की ओर से श्री जीतेश कुमार ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस प्रोजेक्ट के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट सुश्री शिल्पा शर्मा और मेसर्स आईपीई ग्लोबल के सीनियर आर्किटेक्ट निल्विन राफेल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अनुबंध के माध्यम से चित्रकूट में मंदाकिनी तट पर राघव घाट, भरत घाट एवं विश्राम घाट का उन्?नयन, सौंदर्यीकरण एवं सात्विक रसोई, प्रवेश द्वार, साईनेज बोर्ड, टायलेट, सुवेनियर शॉप, वीडियो एलईडी वॉल, टाइमलाइन वॉल, स्कल्पचर गार्डन, नियंत्रण कक्ष, प्रोजेक्शन मैपिंग और साइट डेवलपमेंट आदि कार्य होंगे।

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की स्वदेश दर्शन 2.0 योजनांतर्गत प्रोजेक्ट के तहत चित्रकूट में आध्यात्मिक घाट अनुभव की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा उक्त प्रोजेक्ट के पीपीपी मोड में क्रियान्वयन एवं 9 वर्षों के संचालन एवं रख-रखाव हेतु निविदाएं जारी की गई थीं।

## न्याय की भावना से ग्रामीण विकास की जिम्मेदारी उठाएं पंचायत प्रतिनिधि-श्री पटेल

**भोपाल ,एजेंसी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्रामीण विकास एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे पंचायत प्रतिनिधियों को नियत और न्याय की भावना से स्वीकार करना होगा। मंत्री श्री पटेल धार में आयोजित पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि सांसद रहते हुए उन्होंने सदैव कृषि और ग्रामीण विकास विषयक संसदीय समितियों में रहकर देश भर में इन विषयों को गहराई से समझने का प्रयास किया। प्रदेश में मंत्री के रूप में उन्हें इन नीतियों को लागू करने का अवसर मिला है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों, वृक्षारोपण और योजनाओं का रिकॉर्ड पारदर्शिता से रखें। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, लेकिन जल संकट की आहट को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। जल संरक्षण के लिये वृक्षारोपण ही सबसे स्थायी उपाय है। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत व्यापक पौधारोपण का आहवान किया और कहा कि जो पौधा आप लगाते हैं, उसकी देखभाल भी आपकी व्यक्तिगत जवाबदेही है।

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान 2025 में महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन को भी बल मिलेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पुराने, जीर्ण-शीर्ण पंचायत भवनों को तोड़कर 48 लाख और 37 लाख रुपये की लागत से नए भवनों की मंजूरी दी गई है। कोई भी पंचायत अब भवन विहीन नहीं रहेगी। धार जिले में इस वर्ष 81 पंचायत भवन और 85 पुलियों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

## मापदंड अनुसार ब्रिज परियोजनाओं के डिजाइन और गुणवत्ता पूर्ण निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग संकल्पित

भोपाल। ब्रिज परियोजनाओं का तकनीकी मापदंडों के अनुसार निर्माण सुनिश्चित करने की दिशा में लोक निर्माण विभाग द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने एक व्यापक दक्षता संवर्द्धन कार्यक्रम निर्धारित किया है, जिसके अंतर्गत राज्य के सभी अभियंताओं को इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी) कोड्स और मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवेज़ (मोर्थ) के दिशा-निर्देशों का अध्ययन कर उनके आधार पर कार्यों का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए हैं। ब्रिज परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण निर्माण, मापदंड अनुसार डिजाइन, सतत सुपरविजन प्रणाली अपनाने एवं निर्माण के दौरान सतत निरीक्षण के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। रेलवे अथवा नगर निगम जैसे विभिन्न स्टेकहोल्डर्स से समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया भी स्पष्ट की गई है।

## जिला अस्पताल में मिला नवजात का शव, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले के बैढ़न स्थित ट्रामा सेंटर सह जिला अस्पताल में बुधवार को एक नवजात बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया। इमरजेंसी वार्ड के गेट के पास मिले शव की सूचना कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला को दी गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की तलाश करेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में पाया गया कि यह बच्चा सुबह जन्मा होगा और लगभग 8 महीने के गर्भकाल का था। सीएमएचओ ने बताया कि मेटरनिटी वार्ड में सुबह से शाम 4 बजे तक चार बच्चों का जन्म हुआ है। अस्पताल प्रशासन इन चारों बच्चों की स्थिति की जांच कर रहा है।

यह पता लगाया जा रहा है कि मृत नवजात को किसने और कैसे अस्पताल परिसर में छोड़ा। घटना की जानकारी बैढन थाना पुलिस को दी गई है। अस्पताल प्रशासन सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहा है। यह भी जांच का विषय है कि बच्चे का शव कई घंटों तक अस्पताल परिसर में पड़ा रहा, लेकिन किसी का ध्यान नहीं गया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 रैंकिंग में नगरपालिका सीधी को मिली 3 स्टार रेटिंग

## ओडीएफ़प्रमाणीकरण प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर 27 वें तथा प्रदेश स्तर पर 25 वें स्थान पर

### सीधी को इस वर्ष रीवा संभाग के समस्त नगर पालिका में प्रथम स्थान



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पालिका परिषद सीधी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। नगर पालिका परिषद सीधी को वर्ष 2024 में पहली बार थ्री स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। निकाय ने ओडीएफ़प्रमाणीकरण प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर 27 वां तथा प्रदेश स्तर पर 25 वां स्थान प्राप्त किया है। सीधी को इस वर्ष रीवा संभाग के समस्त नगर पालिका में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि सीधी ने वर्ष 2023 के स्वच्छ सर्वेक्षण परिणाम में 0 स्टार एवं ओडीएफ़ प्रमाणीकरण के साथ राष्ट्रीय स्तर पर 386 एवं प्रदेश स्तर पर 188 स्थान प्राप्त किया था।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी मिनी अग्रवाल ने सभी नगर वासियों को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा अपर कलेक्टर अंशुमन राज के सतत मार्गदर्शन और जनप्रतिनिधियों व नागरिकों के सहयोग से हमें यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। नगर की स्वच्छता टीम और सफाई मित्रों के अथक परिश्रम से यह सुखद परिणाम मिले हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता के प्रति अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाकर शहर को कचरा मुक्त शहर बनाने का संकल्प लें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल के दिशा निर्देश एवं स्वच्छता टीम की कड़ी मेहनत से निकाय को उपलब्धि प्राप्त हुई है। स्वच्छता टीम में स्वास्थ्य अधिकारी गौरव सिंह एवं एनयूएलएम मनोज चौबे, संदीप मिश्रा एवं जनप्रवेक्षक राजेंद्र भारती तथा स्व सहायता समूह, एन.जी. ओ अमित सिंह ,निर्भय सिंह एवं सुपरवाइजर एवं सफाई मित्रों एवं सुपरवाइजर आउटसोर्स संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस वर्ष विगत वर्ष की अपेक्षा नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए सर्वेक्षण के प्रत्येक बिंदु पर कार्य किया गया जिसमें शहर के सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में स्वच्छता एवं एनयूएलएम कन्वर्जन अंतर्गत स्व सहायता समूह के माध्यम से 3 आर पार्क, वेस्ट टू वंडर पार्क का निर्माण एवं सेल्फी प्वाइंट एवं सीमित साधनों से कचरा का संग्रहण वा प्रसंस्करण पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ-साथ दैनिक सफाई व नालियों की सफाई एक चुनौती भरा कार्य रहा है।

## पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट जिला सीधी में पर्यावरण मंत्रालय के डायरेक्शन में शिक्षा मंत्रालय के अधीनस्थ नवोदय विद्यालय समिति के कमिश्नर राजेश लखानी आई.ए. एस. तथा विद्यालय के बीएमसी अध्यक्ष और जिला कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ अंशुमन राज आई.ए.एस (नवोदय एल्यूमिनी) नवोदय विद्यालय समिति क्षेत्र कार्यालय भोपाल के उपायुक्त आर. के. वर्मा एवं संकुल प्रभारी दीक्षा ज्योति मिश्रा के गाइडलाइन के अनुसार इको क्लब के अंतर्गत पर्यावरण को सुरक्षित और संतुलित करने के लिए नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशन से विद्यालय में पौधा रोपण के तहत ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान को तेजी गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। जिले की पेस सेटिंग विद्यालय के अंतर्गत 16 जुलाई को विद्यार्थियों की माताओं के साथ इको क्लब की प्रभारी नमिता पांडे पी.जी.टी (बायोलॉजी) और रिचा पी.जी.टी (हिस्ट्री) के साथ ग्रुप डी के कर्मचारियों ने पूरे कैंपस में पौधरोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में वन विभाग जिला सीधी की डी.एफओ प्रीति अहिरवार और उनके विभाग के कर्मचारियों का सहयोग उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम को अच्छे ढंग से सफल बनाने के लिए प्राचार्य डॉ डी के त्रिपाठी द्वारा हृदय के केंद्र बिंदु से अधिकारियों, कर्मचारियों और मीडिया का आभार व्यक्त किया गया।

## अभिषेक जैन और रोहित आडवाणी ने 1 लाख प्लेटलेट्स दान कर बचाई जान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सिन्धु विकास समिति के तत्वावधान में समाजसेवी और सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महामंत्री श्री अभिषेक जैन और श्री रोहित आडवाणी ने मानवता की सेवा में एक और मिसाल कायम की। दोनों ने बिरला अस्पताल में भर्ती एक जरूरतमंद मरीज के लिए 40,000 बी पॉजिटिव और 60,000 ए पॉजिटिव प्लेटलेट्स दान किए। यह पहल समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी और सहयोगी आकाश बनर्जी के अनुरोध पर की गई।संस्था के मीडिया प्रभारी अमित कामरानी ने बताया कि सिन्धु विकास समिति अब तक 38 यूनिट प्लेटलेट्स (19 लाख प्लेटलेट्स) और 6650 यूनिट रक्त दान करवा चुकी है। इस कार्य में महेश आडवाणी, आकाश बनर्जी और डॉ. आलोक का विशेष योगदान रहा।अभिषेक और रोहित के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए समिति के संरक्षक श्री गोपी गेलानी, श्रीचंद मनवानी, मनोहर डिगवानी, अध्यक्ष विनोद गेलानी, ज्ञान खटवानी, इंद्रलाल आडवाणी, श्रीचंद शीतलानी, घनश्याम मंघरानी, संजय वाधवानी, महेश रावलानी, गंगाराम सचदेव, दिलीप सोनी, रंजीत सेनानी, जितेंद्र गावरी, बसंत खत्री, अशोक चांदवानी, दीपक वाधवानी, केशव मखीजा, मनीष टेकवानी, पंकज आहूजा, मनीष सदानी, बंटी भोजवानी, मनमोहन माहेश्वरी, विभाष बनर्जी, आशीष मोगिया, बसंत शर्मा, निक्की मनचंदानी, विशाल राजपाल, विकास सुखेजा, संजय आहूजा, महिला मंडल की मोना चोपड़ा, राखी होतचंदानी, डॉ. मनीषा सोई, आर्य खिलवानी, मुस्कान चंदानी, सिमरन होतचंदानी, निशा गोयल, रशिम जैन, आभा सिंह, कशिश नागदेव और जया खंडेलवाल ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।सिन्धु विकास समिति का यह प्रयास समाज में रक्त और प्लेटलेट्स दान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंदों की मदद करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## स्कूल में छात्रों से कराई मजदूरी, डीईओ ने जारी किया नोटिस

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** निगरी हाई स्कूल में छात्रों से मजदूरी कराने का मामला सामने आया है। स्कूल प्रशासन छात्रों को 500 मीटर दूर स्थित तालाब से पानी लाने के लिए मजबूर कर रहा है। यह पानी सीमेंट और रेत का मसाला बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा है। अब इसका वीडियो सामने आया है।

**वीडियो में ये दिखा:** जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह स्कूल समय के दौरान का ये वीडियो है जो गुरुवार को सामने आया है। इसमें बच्चे पानी लाते हुए दिख रहे हैं। जब कैमरे को देखा तो स्कूल में मौजूद दो शिक्षकों ने बच्चों को क्लास में जाने के लिए कहते देखे जा रहे हैं।

**बच्चे बोले-प्राचार्य ने काम के लिए कहा था:** छात्रों का कहना है कि यह काम विद्यालय प्राचार्य के निर्देश पर कराया जा रहा है। इस स्थिति के कारण बच्चे स्कूल आने से बचते हैं। उन्हें डर रहता है कि पढ़ाई के बजाय उन्हें काम करना पड़ेगा। स्कूल के प्राचार्य एसके पनिका से जब इस मामले



में संपर्क किया गया तो उन्होंने कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया।

**दोषी पाए जाने पर करेंगे सस्पेंड:** जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने कहा है कि मामले का संज्ञान लेते हुए विद्यालय के प्राचार्य को नोटिस जारी किया है। जांच में दोषी पाए जाने पर प्राचार्य को निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी।

## मणिकूट आश्रम में निमार्णकार्य का विरोध

### महंत बोले- बिना अनुमति 30 फीट गहरा गड्ढा खोदा; होगी विभागीय जांच

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के गोपालदास मणिकूट आश्रम में अवैध निर्माण कार्य का मामला सामने आया है। आश्रम ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी महंत विशेषर दास ने प्रशासन पर आरोप लगाए हैं कि बिना अनुमति के निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। मंदिर परिसर में वाहन पार्किंग के नाम पर 30 फीट गहरा गड्ढा खोद दिया गया। इस खुदाई से परिसर के हैंडपंप, बिजली के खंभे और पेड़-पौधे प्रभावित हुए हैं। बारिश के मौसम में यह गड्ढा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।



**विधायक निधि से 1.5 करोड़ स्वीकृत:** सीधी की विधायक रीति पाठक ने इस काम के लिए विधायक निधि से 1.5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए थे। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को निर्माण कार्य सौंपा गया था। विभाग ने न तो ट्रस्ट को सूचित किया और न ही कोई समन्वय किया। छह माह बीत जाने के बाद भी काम अधूरा पड़ा है। विधायक रीति पाठक ने आश्रम का निरीक्षण किया, लेकिन मीडिया से कोई बात नहीं की।

**विभाग करेगा मामले की जांच:** ग्रामीण यंत्र की सेवा की कार्यपालन यंत्री सीएल साकेत का कहना है कि उनका तबादला सतना से चार दिन पहले ही हुआ है। एसडीओ के अनुसार कुछ दिन पहले तक काम चल रहा था, लेकिन अब बंद है। विभाग पूरे मामले की जांच करेगा।

## सीवर लाइन खुदाई में मिट्टी धंसी, दो मजदूर दबे

### लोग बोले- मदद के लिए पुकार रहे थे; 4 घंटे बाद निकाला पहला शव

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** जिले में सीवर लाइन की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से 2 मजदूर दब गए। बताया जा रहा है कि बारिश के दौरान भी काम जारी रखने की वजह से यह हादसा हुआ है। घटना गुरुवार दोपहर सोहागपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 की है। चार घंटे की मशक्कत के बाद शाम 6 बजे पहले मजदूर का शव बाहर निकाला जा सका। वहीं दूसरे मजदूर के रेस्क्यू में टीम जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के बाद हमने बचाव की कोशिश की, लेकिन लगातार मिट्टी धंसने से उन्हें नहीं निकाल पाए। मृतकों में कोटमा गांव का मुकेश बैगा पिता अकाली बैगा (40) और महिपाल बैगा अंगनू बैगा (33) शामिल है।

**आवाज सुनकर मदद को दौड़े लोग:** कोनी में वार्ड नंबर 1 में शहडोल नगर पालिका की ओर से सीवर लाइन का काम कराया जा रहा है। यहां रहने वाले मन्नू वर्मा ने बताया कि गुरुवार को यहां बारिश हो रही थी। काम के दौरान अचानक मिट्टी धसक गई। मजदूर मदद के लिए पुकार रहे थे।



आवाज सुनकर लोग मदद के लिए दौड़े, लेकिन मिट्टी लगातार धंस रही थी।

**पहली बार काम पर आए थे दोनों:** दोनों मजदूर गुरुवार को पहली बार काम पर आए थे। ठेका कंपनी के पास मजदूर कम थे, इस कारण दोनों को उनके गांव से बुलाया गया था।

**रस्सी बांधकर निकालने की कोशिश की:** शुरुआत में जब दोनों मजदूर मिट्टी में धंस रहे थे, तब स्थानीय लोगों ने उनके शरीर से रस्सी बांधकर निकालने की कोशिश की थी। देखते देखते ही मजदूरों का पूरा शरीर अंदर धंस गया। इसके बाद घटना की जानकारी ठेका कंपनी और स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।

**लोगों ने की लापरवाही रोकने की मांग:** सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि बचाव कार्य में सभी सावधानियां बरती जा रही हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन नगर पालिका और जिला प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में लोग डरे हुए हैं। वे प्रशासन से ऐसी लापरवाही को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

**गुजरात की कंपनी 4 साल से कर रही काम:** स्नेहल गुजरात की कंपनी शहडोल में 4 साल से सीवर लाइन का काम कर रही है। नगर पालिका ने 25 जून को स्नेहल कंपनी को सड़क रिस्टोर करने का पत्र दिया था, लेकिन इसके बाद भी कंपनी लापरवाही पूर्वक बारिश के बीच भी सीवर लाइन खनन का कार्य कर रही थी।

**नगर पालिका ने कंपनी को दिया था नोटिस:** कंपनी बिना किसी सुरक्षा के सीवर लाइन खुदाई का काम कर रही थी। इसे लेकर नगर पालिका ने स्नेहल कंपनी को नोटिस भी दिया था। इसकी जानकारी राज्य सरकार को भी दी गई थी। इसके बाद भी कंपनी द्वारा काम किया जा रहा था।

## पुष्पराजगढ़ को मिला राष्ट्रीय स्तर पर 46वां स्थान

### 500 आकांक्षी विकासखंडों में शामिल, सीईओ ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** विकासखंड पुष्पराजगढ़ को नीति आयोग ने देश के 500 आकांक्षी विकासखंडों में शामिल किया है। पुष्पराजगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर 46वां स्थान मिला है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात के जोन में यह सातवें स्थान पर है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में विद्यालय प्राचार्यों की बैठक ली।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीईओ ने निर्देश दिए कि सभी शासकीय विद्यालय समय पर खुलें। शिक्षक नियमित उपस्थिति दर्ज करें। विद्यार्थियों के लिए माहवार प्लान बनाकर सभी चैप्टर पढ़ाएं। इससे समय सीमा के अनुसार सिलेबस पूरा हो सकेगा।

कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण व्यवस्था दी जाए। इससे बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम मिल सकेंगे। सभी विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय और फर्नीचर की व्यवस्था की जाए। दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए विशेष शिक्षक की नियुक्ति की जाए। इससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ मानसिक और शारीरिक सहयोग मिल सकेगा। आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत शिक्षा की गुणवत्ता का सतत मूल्यांकन किया जा रहा है।

## एमएलए ने किया एसडीएम कार्यालय का घेराव

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** चुरहट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल के नेतृत्व में जन अधिकार आंदोलन हुआ। गुरुवार सुबह 11:30 बजे चुरहट बस स्टैंड से आंदोलन की शुरुआत हुई। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने इसमें भाग लिया। दोपहर 1 बजे अजय सिंह राहुल आंदोलन में शामिल हुए। वे लोगों के साथ रैली निकालते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने घेराव कर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने क्षेत्र की कई समस्याओं को उठाया। इनमें बिजली, सड़क और पानी की समस्याएं शामिल हैं। साथ ही गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, वृद्धा एवं विकलांग पेंशन की शिकायतें भी हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों में दिख रही हैं।

**समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे अधिकारी:** अजय सिंह ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बार-बार सूचना देने के बाद भी अधिकारी समस्याओं का समाधान नहीं करते। इससे जनता में आक्रोश है।

## विधायक ने किया महुआ उत्पादन इकाई का उद्घाटन

### खाद्य प्रसंस्करण से महिलाएं बनेगी आत्मनिर्भर - विधायक धौहनी टेकाम

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मझौली के ग्राम गजरी में महुआ उत्पादन इकाई का उद्घाटन विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समूह की महिलाएं अपने उत्पादन को प्रसंस्कृत कर मूल्य संवर्धन की ओर जाएंगे तो निश्चित ही आत्मनिर्भर बनेगी और उनके उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। हमारे क्षेत्र में प्राकृतिक उत्पाद बहुतायत मात्रा में उपलब्ध है। महुआ के प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन के पश्चात विधायक द्वारा महिला समूह द्वारा लगाए गए स्टॉल में महुआ और कटहल से बने बिस्किट, लड्डू और कटहल के चिप्स का अवलोकन किया गया।




यह कार्यक्रम हरित भारत फंड इंस्टीट्यूट आफलाइवलीहुड रिसर्च एंड ट्रेनिंग तथा मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत सीधी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आईएलआरटी के डीन डॉ राजेंद्र सिंह गौतम द्वारा योजना के उद्देश्य एवं उससे समूह की महिलाओं को प्राप्त होने वाले लाभ पर विस्तृत जानकारी दी। वहां उपस्थित उत्पादक समूह की महिलाओं में से मंजू सिंह, गौरी एवं बेला ने अपने अनुभव साझा किया।

कार्यक्रम में नीतू सिंह जनपद सदस्य मझौली, नीलम बघेल सरपंच गजरी, आर. पी. त्रिपाठी एसडीएम मझौली, ज्ञानेंद्र मिश्रा जनपद सीईओ, प्रवीण तिवारी, चंद्रकांत सिंह बघेल बीपीएम, सरिता सिंह एसडीओ आरईएस, अरविंद सिंह एपीओ मझौली एवं अरुण गौतम नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रिज्म सीमेंट लाइमस्टोन माइन्स को 36वें मेटालिफेरस माइन्स सेफ्टी वीक में समग्र सुरक्षा प्रदर्शन के लिए पुरस्कार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जबलपुर में महानिदेशालय खान सुरक्षा (डीजीएमएस), जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित 36वें मेटालिफेरस माइन्स सेफ्टी वीक का समापन समारोह 11 जुलाई 2025 को होटल पसरीचा में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। नवंबर-दिसंबर 2024 में किए गए निरीक्षण के आधार पर इस सप्ताह भर चले सुरक्षा अभियान में क्षेत्र की लौह अयस्क, चूना पत्थर, बॉक्साइट और मैंगनीज खदानों ने सक्रिय भागीदारी की। खदानों को उत्पादन क्षमता के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया था, और वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों की टीम ने उनके सुरक्षा मानकों, प्रबंधन प्रणालियों और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का मूल्यांकन किया।प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम (सीएसआर एवं जनसंपर्क) देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की बगहाई लाइमस्टोन माइन्स और प्रिज्म सीमेंट बदरखा लाइमस्टोन माइन्स ने इस अभियान में हिस्सा लिया। निरीक्षण में सुरक्षा व्यवस्था, प्रशिक्षण, प्राथमिक चिकित्सा, बचाव उपकरणों की उपलब्धता, यातायात प्रबंधन, वैज्ञानिक उत्खनन, कार्यस्थल पर सतर्कता और मजदूरों की सहभागिता का मूल्यांकन किया गया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर जनरल ऑफ माइन्स सेफ्टी, गाजियाबाद, नीरज कुमार थे, जबकि डायरेक्टर ऑफ माइन्स सेफ्टी, जबलपुर रीजन, मनीष सी. जायसवाल और डिप्टी डायरेक्टर ऑफ माइन्स सेफ्टी, जबलपुर रीजन, शैक गुलाब विशेष अतिथि रहे।




नीरज कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की खदानों की उच्च सुरक्षा व्यवस्था की सराहना की गई और इसे और बेहतर करने की कामना की गई।प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की टीम में विनोद श्रीवास्तव (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट - एमआरएम एंड माइनिंग), सी.एस. पंडित (एचओडी, माइन्स), कौशिक दास (माइन्स मैनेजर, पीसीएल), सत्यब्रत साहू (माइन्स मैनेजर, बगहाई), चंदन भट्टाचार्जी (एचओडी, माइन्स वर्कशॉप), आर.एन. राय, राजेश कुमार सिंह (मैकेनिकल इंजीनियर), अनिक मुखर्जी (इलेक्ट्रिकल इंजीनियर), संतोष चौधरी (सेफ्टी ऑफिसर) और संजय तिवारी (वर्कमैन इंस्पेक्टर) शामिल थे।'कैप्टिव ओपनकास्ट माइन्स (2 से 10 लाख टन उत्पादन क्षमता)' श्रेणी में प्रिज्म सीमेंट लाइमस्टोन माइन्स ने समग्र प्रदर्शन में द्वितीय पुरस्कार हासिल किया।

# विचार

## एससीओ बैठक में जयशंकर और इशाक डार के भाषणों के विश्लेषण से कई बड़ी बातें सामने आई

चीन के तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के भाषण ने एक बार फिर यह साफ कर दिया कि दोनों देशों के बीच भले ही मंच साझा हो, लेकिन उनके दृष्टिकोण, प्राथमिकताएं और वैश्विक भूमिका को लेकर सोच में गहरी खाई कायम है। जहां भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर का वक्तव्य एक परिपक्व, आत्मविश्वासी और वैश्विक दृष्टिकोण से परिपूर्ण था, वहीं पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का भाषण पुरानी शिकायतों, पाकिस्तान की विक्टिम कार्ड वाली छवि और कश्मीर के घिसे-पिटे मुद्दों के इर्द-गिर्द ही सिमटा रहा।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने भाषण में एससीओ की प्रासंगिकता, क्षेत्रीय स्थिरता और आतंकवाद के खिलाफ साझा जिम्मेदारियों पर जोर दिया। उन्होंने न सिर्फ भारत की उभरती हुई वैश्विक भूमिका को रेखांकित किया, बल्कि इस मंच के माध्यम से पाकिस्तान सहित सभी पड़ोसी देशों को स्पष्ट संदेश भी दिया कि आतंकवाद और सीमा-पार हिंसा किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए जयशंकर ने एससीओ को आतंकवाद और चरमपंथ से निपटने के अपने स्थापना उद्देश्य से नहीं भटकने की सलाह भी दी। साथ ही जयशंकर का फोकस भारत की %वसुधैव कुटुंबकम% की नीति और %आत्मनिर्भर भारत% के विजन को क्षेत्रीय सहयोग से जोड़ने पर रहा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि साझा विकास तभी संभव है जब क्षेत्र में शांति और आतंकवादमुक्त माहौल हो। ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, कनेक्टिविटी और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर भारत के रुख ने एक जिम्मेदार और परिपक्व वैश्विक शक्ति की छवि भी पेश की।

दूसरी ओर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का भाषण कहीं न कहीं भारत के विरुद्ध पूर्व निर्धारित एजेंडे और पुराने दावों का ही विस्तार प्रतीत हुआ। इशाक डार ने अप्रत्यक्ष रूप से कश्मीर का मुद्दा उठाकर इसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर घसीटने की कोशिश की, जबकि एससीओ का मापदंड है कि यह मंच द्विपक्षीय विवादों के लिए नहीं, बल्कि साझा क्षेत्रीय हितों के लिए है। डार के भाषण में पहलगाम हमले से पल्ला झाड़ने, भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने और भारत के साथ संवाद की आवश्यकता भी जताने जैसी बातें मुख्य बिंदू रहीं। इशाक डार ने कहा कि पिछले तीन महीनों में दक्षिण एशिया में ''बेहद परेशान करने वाली घटनाएं'' हुईं। इशाक डार ने कहा, ''पाकिस्तान संघर्ष-विराम और स्थिर क्षेत्रीय संतुलन कायम करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। हालांकि, हम यह स्वीकार नहीं कर सकते कि बल का मनमाना प्रयोग सामान्य हो जाए।'' देखा जाये तो पाकिस्तान एक ओर खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश करता रहा, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय स्थिरता और विकास की बातें करता रहा, जो उसकी नीति में अंतर्विरोध को ही उजागर करता है। भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के भाषण पर गौर करेंगे तो एससीओ मंच पर दोनों देशों के दृष्टिकोण में जमीन-आसमान का फर्क दिखाई देगा। जहां भारत आर्थिक विकास, आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता और क्षेत्रीय स्थिरता की बात कर रहा था, वहीं पाकिस्तान अब भी कश्मीर राग और भारत-विरोधी विमर्श में उलझा हुआ दिखा। भारत वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, तो पाकिस्तान अब भी अपनी पहचान और अस्तित्व की राजनीति में उलझा है। इस बैठक से स्पष्ट हो गया कि पाकिस्तान अपने पुराने एजेंडे से बाहर आने को तैयार नहीं है जबकि भारत हर वैश्विक मंच पर रचनात्मक, समाधानपरक और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। हम आपको यह भी बता दें कि एससीओ के शीर्ष नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग लेने की संभावना है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बताया है कि 20 से अधिक देशों के नेता और 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख अगले महीने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तियानजिन शिखर सम्मेलन एवं संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। एससीओ तियानजिन शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

# समानता रिपोर्ट में बेहतरी की ओर भारत

**उमेश चतुर्वेदी**

**इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शदों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे।**



ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है। विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस सूचकांक के अनुसार, भारत 'सामान्?य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ़ 30 देश %सामान्?य से कम% असमानता वाली श्रेणी में आए हैं। जिनमें अत्?यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फ़िनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया।

गिनी सूचकांक के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि देश विशेष के घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति और उसके उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसे शून्य से लेकर 100 के सूचकांक के स्तर पर मापा जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, जिस देश का स्कोर शून्य है, उसका मतलब है कि उस देश में पूरी तरह समानता है यानी आय का वितरण पूरे नागरिकों में समान है। इस सूची में 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय और संपत्ति है और वही सबसे ज्यादा उपभोग करता है, जबकि दूसरों के पास कुछ भी नहीं है। इसका मतलब यह होता है कि उस देश विशेष में पूरी तरह असमानता व्याप्त है। मोटे तौर पर समझ सकते हैं कि जिस देश का गिनी इंडेक्स जितना ज्यादा होगा, उस देश में उतनी ही असमानता होगी।

विश्व बैंक का मानना है कि गिनी इंडेक्स में भारत की मजबूत स्थिति की वजह उसके गरीबी हटाओ उपाय हैं। जिनके जरिए ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की गई है। विश्व बैंक ने गरीबी के लिए रोजाना 2.15 अमेरिकी डॉलर से नीचे की आय को रखा है। इस लिहाज से भारत में 2011-12 के दौरान करीब 16.2 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जी रहे थे, उनकी संख्या में साल 2022-23 में घटकर सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह गई है।

भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नई योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इन योजनाओं के जरिए लोगों तक आर्थिक पहुंच में सुधार करना, राज्य की ओर से दिए जा रहे कल्याणकारी फायदों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और इस पूरी प्रक्रिया में समाज के कमज़ोर और कमजोर प्रतिनिधित्व वाले समूहों का सहयोग करना है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है। जिस योजना के तहत 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से ज़्यादा लोगों के पास जन धन खाते थे। इनके जरिए ना सिर्फ लोगों को राज्य की ओर से मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सीधे पहंच रहा है, बल्कि वित्तीय कामकाज के लिए बैंकों तक इन लोगों का जुड़ाव बढ़ा है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है।

आधार और डिजिटल पहचान के जरिए कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हुई है। तीन जुलाई, 2025 तक देश के 142 करोड़ से अधिक लोगों के आधार कार्ड जारी किए जा चुके थे। राज्य के कल्याणकारी योजनाओं का भुगतान और सब्सिडी आदि को अब सीधे लोगों के खातों में पहुंचाया जा रहा है। इसकी वजह से देश की बचत बढ़ी है। एक आंकड़े के अनुसार, मार्च 2023 तक देश की संचयी बचत ?3.48 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी थी। जाहिर है कि इनमें से ज्यादातर लोगों का पैसा प्रत्यक्ष और सीधे खातों तक वित्तीय मदद पहुंच रहा है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिए इससे कवर परिवार को सालाना 5 लाख रूपए तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार तीन जुलाई, 2025 तक देशभर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। जिसके दायरे में देश भर के 32,000 से अस्पताल शामिल हैं। इस योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना शुरू की जा चुकी है, चाहे उनकी आय जो भी हो। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ, जिसमें लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिए दलित और आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रूपए तक का कर्ज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस साल जुलाई के पहले हफ्ते तक इस योजना के तहत पूरे देश में 2.75 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए जा चुके थे। इसके तहत नव उद्यमियों को 62,807.46 करोड़ रूपए दिये जा चुके हैं। एक तरह से इस योजना के जरिए वंचित समुदाय की आर्थिक तरक्की हो रही है। आर्थिक तरक्की की राह सामाजिक विकास को भी प्रभावित करती है।

भारत में जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना देश की खाद्य और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गई इस योजना तहत 80.67 करोड़ लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। मुफ़्त मिल रहे खाद्यान्न का उद्देश्य है कि देश का कोई भी व्यक्ति भूखे पेट ना सोए। भारत में गरीबी कम करने में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का भी अपना विशेष योगदान मान सकते हैं। इसके तहत पारम्?परिक कारीगरों और शिल्पकारों बिना किसी जमानत के ऋण, टूलकिट, डिजिटल प्रशिक्षण और मार्केटिंग सहायता दिए जा रहे हैं। इस साल जुलाई के पहले सप्ताह तक इस योजना के तहत 29.95 लाख व्यक्तियों को फायदा मिल चुका है। इससे शहरी और ग्रामीण, दोनों तरह की गरीबी दूर करनें में मदद मिली है।

इसका यह मतलब नहीं कि ऑक्सफैम की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया जाए। इसके अनुसार देश में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अमीर महज एक प्रतिशत लोगों के पास देश की चालीस फीसद से ज्यादा की संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब आधी आबादी के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह असमानता आय, संपत्ति और अवसरों में भी साफ तौर पर दिखती है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष दस प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 फीसद त्न हिस्सा है

# स्वच्छता एवं नशामुक्ति के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करते सामाजिक संगठन

**प्रह्लाद सबनानी**

इस धरा पर जन्म लेने वाले प्रत्येक जीव के लिए प्रकृति ने पर्याप्त खाद्य पदार्थ दिए हैं परंतु अति लालच के चलते मानव ने प्रकृति का शोषण करना शुरू कर दिया है। इसमें कोई अब कोई संदेह नहीं रह गया है कि मानव ने अपनी जिंदगी को आसान बनाने के लिए पर्यावरण का अत्यधिक नुकसान किया है और इसका परिणाम आज उसे ही भुगतना भी पड़ रहा है। कई देशों में तो भयंकर गर्मी में वहां के जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जिनसे जान और माल की भारी हानि हो रही है। हम पर्यावरण के सम्बंध में बढ़ चढ़ कर चर्चाएं तो करते हैं परंतु आज हमारे गावों में खेत, प्लाटों में परिवर्तित हो गए हैं। हमारे खेतों पर शोपिंग काम्प्लेक्स एवं मॉल खड़े हो गए हैं जिससे हरियाली लगातार कम होती जा रही है।

बीते कुछ वर्षों में कंकरीट की इमारतों में अत्यधिक वृद्धि एवं भूमि प्रयोग में बदलाव के चलते भारत में भी तापमान लगातार बढ़ रहा है। देश के महानगर अर्बन हीट आइलैंड बन रहे हैं। अर्बन हीट आइलैंड वह क्षेत्र होता है जहां अगल-बगल के इलाकों से अधिक तापमान रहता है। कई स्थानों पर अत्यधिक गर्मी के पीछे अपर्याप्त हरियाली, अधिक आबादी, घने बसे घर और इंसानी गतिविधियां जैसे गाडियों और गैजेट से निकलने वाली हीट आदि कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। कार्बन डाईआक्साइड और मेथेन जैसी ग्रीन हाउस गैसों एवं कूड़ा जलाने से भी गर्मी बढ़ती है। राजधानी दिल्ली का उदाहरण हमारे सामने है। जहां चारों दिशाओं में बने डंपिंग यार्डों में आग लगी ही रहती है और लोगों का सांस लेना भी अब दूभर हो रहा है।

भारत ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो यानी कार्बन उत्सर्जन रहित अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया हुआ है। यद्यपि पर्यावरण रक्षा में भारत के प्रयास बहुआयामी रहे हैं लेकिन यह प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक देशवासी प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक अत्यधिक शोषण करना बंद नहीं करते। शहरों के बढ़ते तापमान की रोकथाम हेतु जरूरी है कि मौसम और वायु प्रवाह का ठीक तरह से नियोजन किया जाए। हरियाली का विस्तार, जल स्त्रोतों की सुरक्षा, वर्षा जल संचय, वाहनों एवं एयर कंडीशंस की संख्या की कमी से ही हम प्रचंड गर्मी को कम कर सकते हैं। पृथ्वी का तापमान घटेगा तभी मानव सुरक्षित रह पाएगा।

उक्त संदर्भ में यह हम सभी भारतीयों के लिए हर्ष का विषय होना चाहिए कि हमारे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन मौजूद हैं जो सदैव ही सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं सेवा कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर, देश पर आने वाली किसी भी विपत्ति में आगे आकर, सेवा कार्य करना प्रारम्भ कर देते हैं। भारत के पर्यावरण में सुधार लाने की दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने तो बाकायदा एक नई पर्यावरण गतिविधि को ही प्रारम्भ कर दिया है। जिसके अंतर्गत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर संघ द्वारा देश में प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है और देश में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की मुहिम प्रारम्भ की गई है। साथ ही, विभिन्न शहरों को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाने हेतु भी विशेष अभियान प्रारम्भ किए हैं। उदाहरण के तौर पर ग्वालियर को स्वच्छ, नशामुक्त एवं प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का बीड़ा उठाया गया है।

इसी संदर्भ में ग्वालियर महानगर में विविध संगठनों के दायित्ववान कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर के एक विशेष सत्र में इस बात पर विचार किया गया कि ग्वालियर महानगर को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाया जाना चाहिए। उक्त शिविर के समापन के पश्चात उक्त समस्याओं के हल हेतु विविध संगठनों के दायित्ववान कार्यकर्ताओं की तीन बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में विस्तार से विचार करने के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि कुछ चिन्हित कार्यकर्ताओं को विभिन्न मठ, मंदिरों, स्कूलों, संस्थानों आदि में विषय प्रस्तुत करने हेतु भेजा जाए ताकि उक्त समस्याओं के हल में समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस संदर्भ में चुने गए 60 कार्यकर्ताओं के लिए एक वक्ता कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इन चिन्हित कार्यकर्ताओं को विभिन संस्थानों में विषय प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया था ताकि उक्त समस्याओं के हल करने हेतु समाज को भी साथ में लेकर कार्य को सम्पन्न किया जा सके।



साथ ही, ग्वालियर को प्रदूषण मुक्त सुंदर नगर बनाए जाने के अभियान को स्थानीय जनता के बीच ले जाने हेतु, माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 25 दिसम्बर 2024 को, ग्वालियर के चुने हुए 29 चौराहों पर मानव श्रृंखलाएं बनाई गई थी, लगभग 8,000 नागरिकों ने इस मानव श्रृंखला में भागीदारी की थी। इसी प्रकार, ग्वालियर को व्यसन मुक्त नगर बनाए जाने के अभियान को स्थानीय जनता के बीच ले जाने हेतु, स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर, दिनांक 12 जनवरी 2025 को एक विशाल मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ एवं लगभग 6,000 नागरिकों ने इस मेराथन दौड़ में भाग लिया था।

संघ के ग्वालियर विभाग द्वारा ग्वालियर महानगर में अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने की मुहिम प्रारम्भ की गई। जिसके अंतर्गत ग्वालियर के कई विद्यालयों में वहां के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को साथ लेकर स्वयंसेवकों द्वारा नगर में भारी मात्रा में पौधारोपण किया गया। ग्वालियर की पहाड़ियों पर भी इस मानसून के मौसम के दौरान हजारों की संख्या में नए पौधे रोपे गए हैं। गजराराजा स्कूल, केआरजी महाविद्यालय एवं गुप्तेश्वर मंदिर की पहाड़ियों को तो पूर्णत~ हरा भरा बना दिया गया है।

नगर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा नगर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों, व्यावसायिक संगठनों, धार्मिक संगठनों, एवं नगर के विभिन्न चौराहों पर नागरिकों को शपथ दिलाई जा रही है कि मैं ग्वालियर नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु, आज से प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करूंगा।

अभी तक एक लाख से अधिक नागरिकों को यह शपथ दिलाई जा चुकी है। कई स्कूल, कई मंदिर एवं कई महाविद्यालय (लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान - एलएनआईपीई सहित) पोलिथिन मुक्त हो चुके हैं। इसी प्रकार, ट्रिपल आईटीएम प्रबंधन के प्रयास से संस्थान के आसपास दुकानदारों द्वारा मादक पदार्थों के बिक्री करना बंद कर दिया गया है। साथ ही, ग्वालियर महानगर में एक लाख से अधिक नागरिक, नशा नहीं करने का संकल्प ले चुके हैं।

# छत्तीसगढ़ के 7 सबसे स्वच्छ शहरों को मिला अवॉर्ड

## राष्ट्रपति के हाथों डिप्टी सीएम ने ली ट्रॉफी, इसमें अंबिकापुर-बिलासपुर, बिल्हा-पाटन और कुम्हारी शामिल



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के 7 नगरीय निकायों को स्वच्छता के लिए प्रेसिडेंट अवॉर्ड मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव को यह पुरस्कार दिया। नगर पंचायत बिल्हा को 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में देश का सबसे स्वच्छ शहर माना गया है। बिलासपुर को 3 लाख से 10 लाख जनसंख्या श्रेणी में देश का दूसरा सबसे साफ शहर बताया गया है। कुम्हारी 20-50 हजार की आबादी वाले शहरों में देश का तीसरा सबसे स्वच्छ शहर बना है। इस मौके पर केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू समारोह में शामिल हुए।

**रायपुर को मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड मिला:** रायपुर नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कार्यों के लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड दिया है। स्वच्छता के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करने वाले शहरों को पहचान देने के लिए इस साल सुपर स्वच्छता लीग (एसएसएल) नाम की एक खास कैटेगरी की शुरुआत की गई है। इस लीग में वे शहर शामिल किए गए हैं, जो पिछले तीन साल में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान वर्ष में अपनी संबंधित जनसंख्या श्रेणी में टॉप 200 में बने हुए हैं। इसी कैटेगरी में प्रदेश के और तीन नगरीय निकायों का चयन हुआ है। अंबिकापुर नगर निगम (50 हजार से तीन लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी), पाटन नगर पंचायत और बिश्रामपुर नगर पंचायत (20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी) को एसएसएल के लिए चयनित किया गया है।

**7 नगरीय निकायों को अवॉर्ड:** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, छत्तीसगढ़ के 7 नगरीय निकायों का स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह हमारे नगरीय प्रशासन, स्थानीय निकायों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। बिलासपुर, कुम्हारी, बिल्हा, रायपुर, अंबिकापुर, पाटन और बिश्रामपुर जैसे शहरों ने स्वच्छता के क्षेत्र में जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह अन्य निकायों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।

## होटलों में घरेलू गैस का अवैध उपयोग, खाद्य एवं राजस्व विभाग ने की बड़ी कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले की जनकपुर नगर पंचायत में खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा होटल एवं रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने हेतु विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान घरेलू उपयोग के लिए आरक्षित 14.2 किलोग्राम के 24 नग एवं 3 किलोग्राम का 1 नग गैस सिलेंडर, जो आंशिक रूप से भरे अथवा खाली अवस्था में पाए गए, जिसे जब्त किया गया।

यह कार्यवाही नायब तहसीलदार कुंवारपुर, खाद्य निरीक्षक भरतपुर, खाद्य निरीक्षक कोटाडोल एवं स्थानीय कोटवार के संयुक्त दल द्वारा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार का व्यावसायिक उपयोग नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है और आगे की कार्रवाई द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति और वितरण विनियमन) आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत की जाएगी। प्रशासन ने होटल एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चेतावनी देते हुए कहा है कि घरेलू गैस का अवैध उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इसी प्रकार की सघन जांच लगातार की जाएगी।

## घर में घुसकर महिला के सिर पर मारी कुल्हाड़ी, जमीन बेचने से नाराज था पड़ोसी

**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में पड़ोसी युवक ने घर घुसकर महिला के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जमीन दूसरे को बेचने को लेकर युवक गुस्से में था। हमले से महिला खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी। फिलहाल, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है। ग्राम भैंसदा में 16 जुलाई की रात पति-पत्नी घर पर थे, तभी आरोपी युवक दरवाजा खटखटा कर अंदर घुसा। वह अपने साथ कुल्हाड़ी लेकर आया था। पति-पत्नी और युवक के बीच बहस हुई। युवक ने पहले कुल्हाड़ी उठाकर दोनों को डराया, फिर सीधे महिला के सिर पर वार कर दिया।

महिला पर हमले के बाद उसने पति पर भी वार करने की कोशिश की, लेकिन पति ने किसी तरह अपनी जान बचाई। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गया। पति ने थाने में घटना की सूचना दी।जानकारी के मुताबिक पीड़ित पक्ष ने अपनी जमीन दूसरे को बेच दी। जबकि आरोपी हितेंद्र तरुण (29 साल) की उस जमीन पर नजर थी, जमीन मुझे नहीं बेची कहकर मनमुटाव रखता था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के विवाद था। फिलहाल, अनिता सूर्यवंशी (35 साल) की हालत गंभीर है, वह बिलासपुर सिम्स में भर्ती है।

**कैसे बना लाइव वीडियो:** आरोपी पिछले कई दिनों से पीड़ित पक्ष को परेशान कर रहा था। पहले भी घर घुसकर विवाद कर चुका था, जिससे दंपती डरे-सहमे हुए थे। 16 जुलाई की रात करीब 11 बजे जोर-जोर से दरवाजा खटखटाने की आवाज आई। इस दौरान महिला के पति ने कैमरा ऑन कर सामने रख दिया था।

**गिड़गिड़ाते रहे पति-पत्नी:** 2 मिनट के वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि आरोपी आरोपी हितेंद्र तरुण (29 साल) ने घर घुसते ही पति-पत्नी के ऊपर कुल्हाड़ी तान दी और डराने लगा। दोनों मना करते रहे, इसी बीच पूरी ताकत के साथ मारा। वीडियो में आवाज भी सुनी जा सकती है।

# ट्रेलर-ट्रॉली में दबकर चालक की मौत

## एनटीपीसी के राखड़ डैम में लोडिंग के वक्त हादसा, 24 घंटे बाद निकाला शव; परिजनों का हंगामा



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** जिले के सीपत स्थित एनटीपीसी के राखड़ डैम में बड़ा हादसा हो गया, जिसमें राखड़ लोडिंग के दौरान एक ट्रेलर चालक राख के मलबे में दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जब हादसा हुआ, तब किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। 24 घंटे बाद भी जब ड्राइवर का पता नहीं चला, तब परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया, जिसके बाद उसकी तलाश शुरू हुई। ट्रेलर में लोड राखड़ को बाहर निकालने पर उसकी लाश मिली। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है जब चालक ट्रेलर की ट्राली पर चढ़ा था। उसी समय बिना देखे चेन माउंटेन के ऑपरेटर ने ट्रॉली में राखड़ लोड करना शुरू कर दिया, जिससे वो राखड़ में दब गया और उसकी मौत हो गई। जिस वक्त हादसा हुआ तब किसी ने ट्रॉली तरफ ध्यान नहीं दिया था।

**ऑपरेटर ने बिना देखे लोड कर दिया राखड़:** टीआई गोपाल सतपथी ने बताया कि ग्राम घुठेली का रहने वाला रामखिलावन महिलांगे ड्राइवर था। सोमवार (14 जुलाई) को वह एनटीपीसी के राखड़ डैम में राखड़ लोड कराने गया था। इस दौरान वो ट्रेलर की ट्रॉली पर चढ़कर कैप कवर को निकाल रहा था। जब रामखिलावन ट्रेलर की ट्राली पर चढ़ा था। उसी समय बिना देखे चेन माउंटेन के ऑपरेटर ने ट्रॉली में राखड़ लोड करना शुरू कर दिया, जिससे वो राखड़ में दब गया और उसकी मौत हो गई। जिस वक्त हादसा हुआ तब किसी ने ट्रॉली तरफ ध्यान नहीं दिया।

**24 घंटे बाद भी ड्राइवर का पता नहीं चला:** जब ड्राइवर रामखिलावन का 24 घंटे तक पता नहीं चला, तब परेशान परिजनों ने थाने में सूचना दी। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर उसकी तलाश की। इस दौरान पुलिस राखड़ डैम पहुंची, जहां आसपास के लोगों से पूछताछ की। मौके पर राख लोड ट्रेलर देखकर पुलिस को शक हुआ, तब पुलिस ने ट्रेलर से राखड़ को बाहर निकलवाया। जिसके बाद ड्राइवर की लाश बाहर आई।

लापरवाही पर भड़के परिजन, शव ले जाने से किया इंकार

रामखिलावन का शव बाहर आने पर उसके परिजन भड़क गए और जमकर हंगामा मचाने लगे। उन्होंने लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को शव उठाने से रोक दिया। इस दौरान पुलिस ने दोषियों पर कार्रवाई करने और मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया, तब जाकर मामला शांत हुआ। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ग्राम भूमका में हैंडपंप व सोलर संयंत्र के जल स्रोतों में क्लोरीनेशन, ग्रामीणों को मिली स्वच्छता की सौगात



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मन्नौड़ के ग्राम भूमका में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की पहल पर यहां हैंडपंपों और सोलर संयंत्र से जुड़े जल स्रोतों में क्लोरीनेशन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। क्लोरीनेशन प्रक्रिया के तहत जल में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस और सूक्ष्मजीवों को समाप्त कर उसे संक्रमण मुक्त बनाया गया। विभाग की तकनीकी टीम ने विशेष उपकरणों की मदद से यह कार्य किया, जिससे ग्रामीणों को अब स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिलने लगी है। यह पहल जल जीवन मिशन के अंतर्गत की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

इस प्रयास से ग्रामवासियों में प्रसन्नता की लहर है। कई ग्रामीणों ने इसे एक बड़ा राहतभरा कदम बताते हुए विभाग का आभार व्यक्त किया है। विगत कुछ समय से गांव में दूषित जल के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सामने आ रही थीं, जिससे चिंतित ग्रामीणों के लिए यह कार्य वरदान साबित हुआ है। ग्रामवासियों ने इस अवसर पर न केवल स्वच्छ पानी के महत्व को समझा, बल्कि जल संरक्षण और साफ-सफाई के प्रति जागरूकता का परिचय भी दिया। गांव के युवाओं, महिला समूहों और बुजुर्गों ने जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया, जो सामुदायिक भागीदारी का बेहतरीन उदाहरण है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के अन्य ग्रामों में भी चरणबद्ध तरीके से ऐसे ही कार्य किए जा रहे हैं। विभाग का उद्देश्य है कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे और जल जनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

# दूर-दूर से अमृतधारा वाटरफॉल आ रहे टूरिस्ट, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था नहीं

## पुलिस हेल्प सेंटर में लटका ताला, रेलिंग भी टूटी, चौकी प्रभारी बोले-पुलिस बल की कमी

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।** जिले में हसदेव नदी पर बना अमृतधारा जलप्रपात बारिश के मौसम में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह छत्तीसगढ़ के प्रमुख जलप्रपातों में से एक है। जिसके मनोरम रूप को देखने पर्यटक यहां साल भर पहुंचते हैं। लेकिन जलप्रपात में कोई सुरक्षा नहीं होने के कारण कई लोगों की जान जा चुके हैं। पुलिस केंद्र में ताला लटका हुआ है। जिला प्रशासन ने सालों पहले जलप्रपात के किनारे रेलिंग लगाई थी। जो कि टूट चुकी है। जिससे खतरा बना रहता है। नीचे झरने के पास जाने के कारण कई हादसे भी हो चुके हैं। लोग यहां नहाने के दौरान गहरे पानी मे डूब जाते हैं। जिससे उनकी मौत हो जाती है। यहां अब तक कई मौतें हो चुकी हैं। इसके बावजूद लोग जलप्रपात के पास जाते हैं।सुरक्षा की दृष्टि से यहां पुलिस सहायता केंद्र बना हुआ है। लेकिन जिले में पुलिस बल की कमी के कारण पुलिस सहायता केंद्र में ताला लटका रहता है।



**कोटवार सहित 6 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है:** मामले में नागपुर हाईवे चौकी प्रभारी शेष नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस बल की कमी है। इसके बाद भी हम अमृतधारा जलप्रपात का पेट्रोलिंग करते हैं। लोगों को झरने के पास और नीचे न जाने की समझाइश देते हैं। बरसात को देखते हुए यहां ग्राम पंचायत सचिव, गांव के कोटवार सहित 6 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। भारी बरसात को देखते यहां बेरिकेडिंग की जा रही है। ताकि लोग झरने के पास न जाएं।

**सुरक्षा का कोई उपाय नहीं:** मध्य प्रदेश से आए टूरिस्ट रोहित ने बताया कि यहां का नजारा बहुत सुंदर है। लेकिन सुरक्षा का कोई उपाय नहीं है। प्रशासन को चारों ओर रेलिंग कराना चाहिए। ताकि लोग सुरक्षित होकर झरने का नजारा देख सकें।

**कैसे पहुंचे अमृतधारा:** यहां पहुंचने के लिए मनेंद्रगढ़ से अंबिकापुर को जाने वाले नेशनल हाईवे तिरालिस में स्तिथ लाई नामक जगह से जाया जा सकता है। लाई मुख्य मार्ग से जलप्रपात की दूरी 8 किलोमीटर है। जहां तक पहुंचने के लिए सड़क बनी हुई है। 100 फिट ऊंचाई से अमृतधारा गिरती है। जिसे देखने छत्तीसगढ़ के कई जिलों के अलावा पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के पर्यटक भी पहुंचते हैं। यहां भगवान शिव का एक प्राचीन मंदिर भी है। पर्यटक दर्शन के लिए जाते हैं। हसदेव नदी जो कोरिया जिले के मेंड्रा इलाके से निकली है और पहाड़ी इलाकों से होते हुए सुरम्य वादियों के बीच जलप्रपात का निर्माण करती है।

## नग्न हालत में मिली युवक की लाश, पत्थर से कुचला सिर

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में युवक की नग्न हालत में खून से लथपथ लाश मिली है। युवक के सिर को पत्थर से कुचला गया है। शव भिलाई स्टील प्लांट के माइंस इलाके में मिली है, जहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का पहरा रहता है। फिलहाल, मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र की है। भिलाई स्टील प्लांट के हिर्री माइंस परिसर के पास डोलोमाइट खदान छतौना के समीप है। डोलोमाइट खदान का यह क्षेत्र सीआईएसएफ की सुरक्षा घेरे में रहता है। गुरुवार की सुबह यहां काम करने वालों ने माइंस इलाके में युवक का नग्न हालत में शव पड़ा देखा। जिसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। इस घटना की सूचना खदान के अधिकारी रमेश कुमार चौबे ने पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

**शराब पीने के बाद हत्यारों ने वारदात को दिया अंजाम:** टीआई उत्तम साहू ने बताया कि, घटनास्थल के पास बोरी में मृतक के कपड़े मिले, उसके सिर के नीचे शर्ट पड़ा है। युवक की उम्र 25 से 30 साल के बीच है। उसका रंग गेहुंआ है। मौके पर शराब की बोतल और डिस्पोजल भी मिला है। शव की हालत देखकर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने की आशंका है। आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराई जा रही है। साथ ही गायब युवक की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**प्लानिंग के तहत हत्या की आशंका:** उन्होंने बताया कि जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया गया है। इससे आशंका है कि हत्यारों ने प्लानिंग के तहत युवक की हत्या की है। शराब पीने और पार्टी करने के बहाने युवक को यहां खदान एरिया में लाया गया, जिसके बाद शराब पीने-पिलाने के बाद बेरहमी से उसका सिर कुचला गया है।

## साप्ताहिक समय सीमा की बैठक भरतपुर में हुई संपन्न, आरईएस विभाग को महतारी सदन निर्माण गुणवत्ता जांच के सख्त निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले की साप्ताहिक समय-सीमा समीक्षा बैठक जनपद पंचायत भरतपुर के सभाकक्ष में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम शर्मा, अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, विनायक शर्मा सहित जिले के समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगर निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों और पंचायत स्तर पर उत्पन्न समस्याओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाए ताकि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक शीघ्र पहुंचे। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के लिए गूगल मीट के माध्यम से बैठक करने के लिए एकल होस्ट व्यवस्था ली गई है जिसकी जानकारी कलेक्टर द्वारा दी गई साथ ही सभी विभाग इस गूगल मिट का आईडी लेकर ऑनलाइन बैठक कर सकते हैं। वहीं आधार पंजीयन की नई व्यवस्था के अंतर्गत अब बिना आदेश आधार कार्ड निर्माण नहीं होंगे, वहीं वोटर आईडी को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया को लेकर चिरमिरी, भरतपुर, खड़गवां और मनेंद्रगढ़ में चिप्स एवं सीएससी कार्यालयों हेतु भवन आवंटन की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए।

# सेंदरी मानसिक चिकित्सालय की अनियमितताओं पर एचसी सख्त

## फटकार के बाद कलेक्टर ने निरीक्षण किया, स्टाफ को समय पर अस्पताल पहुंचने के दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के एकमात्र मानसिक चिकित्सालय सेंदरी में व्यवस्थाओं को लेकर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट की फटकार के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गुरुवार को अस्पताल का निरीक्षण किया। दरअसल, अस्पताल में स्वच्छता की खराब स्थिति और डॉक्टरों की अनियमितताओं को लेकर जनहित याचिका दायर की गई थी।

याचिका में बताया गया कि डॉक्टर देर से आते हैं और बायोमेट्रिक उपस्थिति भी दर्ज नहीं कराते। कोर्ट कमिश्नर ऋषि राहुल सोनी ने 4 से 6 जून के निरीक्षण में पाई गई अव्यवस्थाओं की रिपोर्ट पेश की। जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बैंच में बुधवार को हुई सुनवाई में स्वास्थ्य सचिव का शपथ पत्र पेश नहीं हुआ। अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी।




**अगली सुनवाई स्वास्थ्य सचिव पेश करेंगे जवाब:** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी और विशाल कोहली ने मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के तहत निर्धारित सुविधाओं के अभाव को लेकर यह याचिका दायर की थी। 30 जून की सुनवाई में चीफ जस्टिस ने अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार न होने पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव को अगली सुनवाई में जवाब पेश करने का आदेश दिया है।

**सफाई व्यवस्था खराब पाई गई:** अव्यवस्थाओं की रिपोर्ट के मुताबिक, शासकीय सेटअप के हिसाब से डॉक्टर कम हैं। हालांकि, महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि इसको लेकर शासन गंभीर है और नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं। कोर्ट कमिश्नर ने डॉक्टरों और कर्मचारियों से रिलेटेड जानकारी सहित 18 जून के लेटर की कॉपी अनुलग्नक-ए/2 के रूप में रिपोर्ट के साथ अटैच की। इसके अलावा, रिपोर्ट के साथ अटैच तस्वीरों से भी पता चलता है कि अस्पताल की स्वच्छता की स्थिति बहुत खराब है।

**कलेक्टर ने अस्पताल का जायजा लिया:** कोर्ट के आदेश के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल और सहायक कलेक्टर अरविंथ कुमारन डीने आज मानसिक चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती रोगियों से चर्चा कर अस्पताल और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल की ओपीडी में पूरे प्रदेश भर से प्रतिदिन 100 से ज्यादा मरीज इलाज और परामर्श के लिए आते हैं।

**मरीजों को बेहतर इलाज, सुविधाएं देने के निर्देश:** कलेक्टर ने चिकित्सालय के महिला वार्ड, पुरुष वार्ड और पुनर्वास वार्ड का अवलोकन कर मानसिक रोगियों के बारे में जानकारी लेते हुए उनके लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों से मरीजों को बेहतर इलाज के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्टाफ को समय पर अस्पताल पहुंचने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने सभी स्टाफ को समय पर अस्पताल आने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों और अस्पतालों में नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने कहा। स्टाफ ने अस्पताल परिसर में एक कैंटीन की आवश्यकता बताई, जिस पर पीडब्ल्यूडी को एस्टीमेट बनाने बनाने और अस्पताल में आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य करवाने कहा।

## जिले में देशी मदिरा दुकान डोमनहिल हेतु बघनच्चा के लिए किराए पर भवन हेतु जिला स्तर पर लघु निविदा पत्र आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिले की देशी मदिरा दुकान डोमनहिल के लिए बघनच्चा में किराये के भवन की व्यवस्था हेतु जिला स्तर पर लघु निविदा आमंत्रित की गई है। यह निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अधिपत्य तिथि से 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। इच्छुक निविदाकारों से बंद लिफाफे में तकनीकी बिड और प्राइस बिड पृथक-पृथक रूप से आमंत्रित की गई हैं, जिन्हें 22 जुलाई 2025 को दोपहर 2:00 बजे तक जिला आबकारी अधिकारी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना है। प्राप्त निविदाओं को इसी दिन दोपहर 4:00 बजे निविदाकारों की उपस्थिति में समिति द्वारा खोला जाएगा। निविदा की विस्तृत शर्तें, नियम और प्रपत्र कार्यालयीन समय में, अंतिम तिथि के एक दिन पूर्व तक अवकाश के दिनों को छोड़कर, जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, एमसीबी कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके लिए 500 रुपए मात्र का बैंक ड्राफ्ट, जो प्रबंधक, ष्टस्स्ष्टरु मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के नाम पर हो, जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त निविदा को कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# अतिथि शिक्षकों ने की एंड्रॉइड फोन और रिचार्ज की मांग

## ई-अटेंडेंस का किया विरोध, कहा-अन्य विभागों में भी योजना लागू करें




**सिवनी (एजेंसी)।** जिले के आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने गुरुवार को ई-अटेंडेंस योजना के विरोध में कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ का कहना है कि यह योजना केवल शिक्षकों के लिए लागू की जा रही है, जबकि इसे प्रदेश के सभी विभागों में एक साथ लागू करना चाहिए।

**संघ ने विरोध में निकाली रैली:** जिला अध्यक्ष दिनेश रहांगडाले ने इस दौरान कई प्रमुख मांगें रखीं। संघ ने बताया कि 80 प्रतिशत से अधिक अतिथि शिक्षकों के पास एंड्रॉइड मोबाइल फोन नहीं है। इस वजह से हर टीचर को मोबाइल खरीदने के लिए 20 हजार रुपए और मासिक 500 रुपए डेटा रिचार्ज के लिए दिए जाने चाहिए।

**नियमित वेतन भुगतान, मेडिकल सहित अन्य मांगे रखीं:** अतिथि शिक्षकों ने नियमित वेतन भुगतान, मेडिकल, प्रसव, मातृत्व, पैटर्निटी, मैटर्निटी लीव और इमरजेंसी लीव की सुविधाएं देने की भी मांग की है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या को देखते हुए पहले वहां नेटवर्क सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।

संघ ने वार्षिक अनुबंध की सुरक्षा, नियमित कर्मचारियों के समान सभी सरकारी सुविधाएं और अनुभवी अतिथि शिक्षकों के लिए अलग से विद्यालय सेलेक्शन प्रोसेस लागू करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी अनुभव तिवारी, जिला संयोजक मोहम्मद रमजान कुरैशी, जिला सचिव नितेश दुबे, जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश नायक और जिला संरक्षक गिरीश विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार से गुजरात ले जा रहे 34 लोग विदिशा उतारे



## सामाजिक संगठन का दावा- नाबालिगों को बंधुआ मजदूर बनाते, 6 जीआरपी की हिरासत में

**विदिशा (एजेंसी)।** बिहार से गुजरात ले जा रहे 34 लोगों को विदिशा स्टेशन पर उतारा। इनमें 20 नाबालिग हैं। पूछताछ में बताया कि नाबालिगों को काम कराने के नाम पर तो कुछ को मदरसे में पढ़ाई कराने का कहकर सूरत ले जाया जा रहा था। इस मामले में 6 लोगों को भी हिरासत में लिया है, इन पर आरोप है कि ये बच्चों को ले जाकर उनसे बाल मजदूरी कराते हैं। यूपी के पंडित दीनदयाल रेलवे स्टेशन से सामाजिक कार्यकर्ताओं की सूचना पर विदिशा की सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने रात में ट्रेन रोककर बच्चों समेत 34 लोगों को उतारा। उनके अलावा जो लोग यहां नहीं उतर सके, उन्हें रतलाम और बड़ौद से उतारा गया। मामला बुधवार सुबह करीब 5:15 बजे का है। 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल समर स्पेशल ट्रेन से इन सभी को गुजरात के सूरत में ले जाया जा रहा था।

# तस्करी करते भाजयुमो नेता गिरफ्तार

## कार से ले जा रहा था 5 लाख की शराब, आबकारी विभाग ने घेराबंदी करके पकड़ा, जेल भेजा



**जबलपुर (एजेंसी)।** आबकारी विभाग ने बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात कार्रवाई करते हुए भाजयुमो के एक पदाधिकारी प्रशांत राय को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पौड़ी गांव के पास की गई, जहां राय अपनी कार में 20 पेटी (180 लीटर) देशी शराब लेकर जा रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी विभाग ने पौड़ी-मझौली मार्ग पर वाहन की घेराबंदी कर तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में अवैध मदिरा मिली। आरोपी की कार (अल्टो के10 क्रमांक एमपी20 सीजी 3453) को जब्त कर लिया गया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई जा रही है।

प्रशांत राय, जो मझौली युवा मोर्चा पश्चिम मंडल में कार्यालय मंत्री है, के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) और 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। आज आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रशांत राय इससे पहले हर्ष फायरिंग के मामले में भी फंस चुके हैं। कुछ माह पहले मझौली में एक शादी समारोह के दौरान स्टेज से से फायरिंग की थी, उसके बाद रोड पर आकर भी उन्होंने एक के बाद एक दो फायर किए। हर्ष फायरिंग करने वाला भाजपा नेता प्रशांत राय हमेशा विवादों में रहते है, जिनका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

**भाजयुमो नेताओं से ऐसी ही उम्मीद की जा सकती है:** युवा कांग्रेस अध्यक्ष विजय रजक ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो नेताओं से ऐसी ही गतिविधियों की उम्मीद की जा सकती है। कभी कोई बलात्कार के आरोप में, तो कोई अवैध शराब तस्करी में पकड़ा जा रहा है। जनता अब सब देख रही है और समय आने पर जवाब देगी।

# बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक पर धमकाने का आरोप

## ट्रैवल एजेंसी संचालक से कहा- कलेक्टर-विभाग को साधे हूं, जहां जाना है जाओ



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में वीआईपी वाहन के लिए टेंडर निकालने का आवेदन देने पर बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक पर धमकाने का आरोप है। ट्रैवल एजेंसी संचालक ने कहा है कि पूर्व जिला संयोजक ने कहा वह कलेक्टर और विभाग को साधे है, तुम कहीं भी जाओ...घूम लो, वीरेंद्र खटीक चाहे देख लो कुछ नहीं होगा। बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक पर कलेक्टर को कार गिफ्ट करने और वीरेंद्र खटीक से संबंध होने पर फायदा उठाने के आरोप भी लगाए हैं। हालांकि उन्होंने इन सारे आरोपों को नकारा है।

**वीआईपी गाड़ियों के टेंडर निकालने का मामला:** एसपी कार्यालय शिकायत करने पहुंचे ट्रैवल संचालक ने बताया अभी पूर्व जिला संयोजक की गाड़ियां टेंडर में लगी हैं। पिछले सालों में नया टेंडर न निकलने की वजह से ट्रैवल संचालकों को मौका नहीं मिल पा रहा।इसकी शिकायत के लिए जब ट्रैवल संचालक पहुंचे तो उन्हें बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक ने धमकाया। आरोप है कि मारने के लिए लोग भी बुलाए। जिसकी शिकायत एसपी कार्यालय में 15 जुलाई को की थी आज तक कोई कार्यवाही नही की गई। इसके बाद ट्रैवल संचालकों ने इसकी शिकायत गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर की है।

**कलेक्ट्रेट पहुंचने पर धमकाने का आरोप:** अर्जुन प्रसाद शुवहारे निवासी सटई रोड पीतांबरा के पास वार्ड नंबर 19 का रहने वाला है। वर्तमान में आदित्य एंड पितांबरा ट्रैवल्स एजेंसी का संचालक है। वह 14 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय में वाहन टेंडर प्रक्रिया में लाने हेतु आवेदन देने के लिए साथी अंशुल मिश्रा और रूपेंद्र खरे के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचा था। तभी सुरेंद्र से शुवहारे एंड एस ग्रुप का संचालक के द्वारा कलेक्ट कार्यालय में टेंडर प्रक्रिया में बाधा डालने की बात की। अर्जुन और उनके साथियों को जान से मारने की धमकी दी गई। फोन लगाकर कुछ गुंडो को भी बुलाया प्रार्थी ने इसकी मोबाइल में वीडियो बनाएं और मौका देखकर वहां से जान बचाकर भाग निकला।

**आरोप- नई निविदा नहीं निकाली:** अर्जुन प्रसाद से भरे ने बताया कि 2022-23 में वीआईपी वहां भ्रमण के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी जिसमें ए एंड एस ग्रुप का चयन हुआ था, जिसका अनुबंध 1 साल के लिए था एक वर्ष का अतिरिक्त कार्य आदेश दिया गया था। जो 30 जून 2025 को समाप्त हो गया। अब नवीन निविदा जारी की जानी थी, परंतु आज दिनांक तक निविदा जारी नहीं की गई है।

# खेत में ट्रैक्टर पलटा, छोटे भाई की मौत



## बड़ा भाई बोला- समय रहते नहीं कूदा होता तो मैं भी नहीं बच पाता

विदिशा। जिले के सियासी गांव में खेत में काम के दौरान ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में 26 वर्षीय संदीप आदिवासी की मौत हो गई। घटना के समय संदीप के साथ उसका बड़ा भाई थान सिंह भी खेत में काम कर रहा था। थान सिंह के अनुसार, खेत में एक गहरे गड्ढे के पास मोड़ते वक्त ट्रैक्टर असंतुलित हो गया था। मैं समय रहते कूद गया इसलिए बच गया। यदि समय रहते कूदा नहीं होता तो मैं भी नहीं बच पाता। परिजन तुरंत संदीप को विदिशा मेडिकल कॉलेज ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मई 2023 में उसकी शादी हुई थी। सब इंस्पेक्टर रामगोपाल उईके ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम करा लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मौसा निकला दो मासूम भाइयों की हत्या का आरोपी

## मां से गलत मंसूबों में कामयाब नहीं हो सका; दोस्त के साथ मिलकर गला रेता



**सिवनी (एजेंसी)।** सगे भाइयों की उनके मौसा ने गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी बच्चों की मां से एकतरफा लगाव रखता था। एसपी सुनील कुमार मेहता ने बताया कि आरोपी भोजराम बेलवंशी और उसके सहयोगी शुभम उर्फ यश को गिरफ्तार कर लिया है। इनसे वारदात में इस्तेमाल धारदार चाकू एवं मोटर साइकिल भी मिली है। पुलिस ने बताया कि भोजराम का महिला के घर आना-जाना था। महिला दोनों बेटों के साथ पति से अलग रहती थी। बच्चे हमेशा साथ रहते थे, इसलिए आरोपी अपने गलत मंसूबे में कामयाब नहीं हो पा रहा था। पहले भी उसने महिला को बच्चों को अगवा करने और हत्या करने की धमकी दी थी।

**घर से 13 किमी दूर मिले थे शव:** सुभाष वार्ड महावीर व्यायाम शाला के पास रहने वाली 30 वर्षीय पूजा ढाकरिया ने 16 जुलाई को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके दोनों बेटे मयंक (9) और दिव्यांश (6) 15 जुलाई की शाम 5 बजे से लापता हैं। इसके बाद बच्चों को ढूंढने के लिए नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली, डुंडासिवनी और अरी थानों की संयुक्त टीम बनाई गई। बुधवार को दोनों के शव घर से करीब 13 किमी दूर अंबा माई के जंगल में मिले थे। शव को छिपाने के लिए आसपास और ऊपर पत्थर रख दिए गए थे।

**ऑटो ड्राइवर से मिला अहम सुराग:** पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि घसियारी चौक से एक युवक ऑटो रिक्शा में दो बच्चों को बैठाकर ले जाते देखा गया है। ऑटो की तलाश कर ड्राइवर को बच्चों के फोटो दिखाए गए। ऑटो ड्राइवर ने उनको पहचान लिया। उसने पुलिस को बताया कि दोनों बच्चों और युवक को ऑटो से घसियारी से आइरिश स्कूल तक छोड़ा। बच्चे युवक को मौसा कह रहे थे। टीम ने जब बच्चों की मां से पूछताछ की तो उसने अपनी बहन करिश्मा के पति भोजराम बेलवंशी पर शक जाहिर किया।

**साइकिल दिलाने का बहाना बनाकर ले गया था:** टीम ने भोजराम बेलवंशी को पकड़ा। उससे कड़ाई से पूछताछ की। इसके बाद भोजराम ने बताया कि 15 जुलाई की शाम करीब 5.30 बजे मयंक एवं दिव्यांश स्कूल से घर आए। इसके बाद मैं घसियारी चौक सिवनी से किराए के ऑटो में बैठाकर साइकिल दिलाने के बहाने जनता नगर चौक तक ले गया। वहां दोस्त शुभम उर्फ यश मिला। उसकी बाइक से मयंक, दिव्यांश को बैठाकर हम चारों आमागढ़ से अंबा माई के जंगल गए।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी के घर से जेवर व नकदी लूटे

## खिड़की तोड़कर घुसे थे चार बदमाश; दंपती को डंडे से डराया, साइरन बजा तो भागे



**खंडवा (एजेंसी)।** एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी के घर में लूट हो गई हैं। घटना बोरगांव बुजुर्ग की हैं। बदमाश खिड़की की जाली तोड़कर घर में घुसे थे। दंपती को डंडे से डराया और शोर मचाने पर मारने की धमकी दी। बदमाश चांदी के जेवर और करीब 10 हजार रुपए की नगदी चुरा ले गए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी जांच की। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, लेकिन बदमाशों का मूवमेंट नहीं मिला।

रिटायर्ड प्रधान आरक्षक मोतीलाल पटेल के घर में बुधवार देर रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच लूट की वारदात को अंजाम दिया। रिटायर्ड पुलिसकर्मी व उनकी पत्नी घर में एक कमरे में सो रहे थे, दूसरे कमरे में उनके बहू-बेटा और बच्चे सो रहे थे। वहीं ऊपर वाले कमरे में एक पुलिसकर्मी किराए से रहता है। इसके बावजूद बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। गश्त कर रही पुलिस का एक साइरन बजने के बाद दूसरा सायरन बजा, तब जाकर बदमाश फरार हुए। चार बदमाश थे, इनमें दो ने नकाब पहना था। वहीं दो के चेहरे खुले थे। ने

**दूसरी बार साइरन बजने पर भागे बदमाश:** रात में बोरगांव चौकी पुलिस के वाहन क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। फरियादी के अनुसार रात को दो बार पुलिस के वाहन घर के बाहर से निकले। एक बार तो बदमाशों ने ध्यान नहीं दिया। लूट करने के बाद वे बहू-बेटे के कमरे में घुसने की फिराक में थे, लेकिन जब दूसरी बार पुलिस का वाहन गश्त करते हुए निकला तो बदमाश मौका पाकर घर से भाग निकले। इधर, चौकी प्रभारी रामप्रकाश यादव का कहना है कि, पुलिस की टीम बदमाशों की सर्चिंग में जुट गई हैं। जल्द वारदात को ट्रेस कर लिया जाएगा।

### देश के साफ शहरों में जबलपुर टॉप-5 में

# पहली बार मिली 7 स्टार रेटिंग; राष्ट्रपति ने महापौर, निगम कमिश्नर को दिया अवॉर्ड




**जबलपुर (एजेंसी)।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में जबलपुर नगर निगम ने देश में पांचवां स्थान हासिल किया। यह पहली बार है जब जबलपुर टॉप-5 शहरों में शामिल हुआ है। इससे पहले जबलपुर की रैंकिंग 13वीं थी। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव और उपायुक्त संभव आयाची को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अवॉर्ड लेने के बाद महापौर जगत बहादुर अन्नू ने कहा कि आज का दिन जबलपुर के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि आज वह हुआ है, जो कि आज से पहले कभी नहीं हुआ है। दिल्ली में आज स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह 2024-25 में हमारे संस्कारधानी जबलपुर को ना सिर्फ देश में पांचवां स्थान मिला है, बल्कि 7 स्टार रेटिंग भी मिली है।

नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव की मौजूदगी में यह पुरस्कार महापौर को दिया गया। महापौर ने कहा, यह उपलब्धि निश्चित रूप से हमारे शहर के जागरूक नागरिकों और स्वच्छता मित्रों के अथक परिश्रम का परिणाम है। मैं सभी को इस ऐतिहासिक सम्मान के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। हमारा प्रयास रहेगा कि सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाकर अगले साल देश में पहला स्थान हासिल करें।

### भगवान के नाम के नीचे लगाई मीट की फोटो

# दो साल से बेच रहा था नॉनवेज; छतरपुर में हिंदू संगठन ने कराई उठक-बैठक, एफआईआर

**छतरपुर (निप्र)।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक ढाबा संचालक से कुछ लोगों ने जबरन उठक-बैठक करवाई। उन्होंने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। गुरुवार को वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने तीन नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



जानकारी के अनुसार कृष्णा ढाबा के संचालक ज्ञानचंद चौरसिया से आरोपियों ने 11 उठक-बैठक करवाए और बोर्ड का पैर छूकर क्षमा मांगने के लिए कहा। आरोपी वीडियो में 'कृष्ण ढाबा बिरयानी एक्सप्रेस' लिखे बोर्ड को बदलने की धमकी देते हुए कह रहे हैं कि अगर बोर्ड नहीं बदला तो ढाबा हवा में दिखाई देगा।

**'दो साल से बोर्ड हटाने को कह रहे थे':** हिंदू जोड़ों संगठन के जिला संचालक संजू मिश्रा उर्फ भूरा ने कहा कि ये व्यक्ति दो साल से भगवान के नाम के नीचे मीट की फोटो लगाकर ढाबे में नॉनवेज बेच रहा था। इसे दो बार बोर्ड हटाने को कहा गया लेकिन उसने नहीं हटाया। कई लोगों ने कहा कि आप केवल मुसलमानों को टारगेट करते हैं, पहले अपने लोगों को सुधारो, इसलिए वे बोर्ड हटवाने पहुंचे थे।

**'मामला दर्ज कर लिया है, जांच जारी':** महाराजपुर टीआई डीके सिंह ने बताया कि दो दिन पुरानी इस घटना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

# स्ट्राइकर दीपिका ने पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड जीता

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड के विजेता का फैसला दुनियाभर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया। दीपिका ने ये गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया ये मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में ये अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से बेहतरीन तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया। दीपिका ने कहा कि, ये पुस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूं। नीदरलैंड जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल करना मेरे लिए सचमुच में विशेष पल था और अब ये सम्मान पाना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

मैं अपने साथियों, कोचों, परिवार और दोस्तों का शुक्रिया

# फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में में डी गुकेश नहीं ले रहे हिस्सा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश लास वेगास में हो रहे 16 खिलाड़ियों के फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में मौजूद नहीं हैं। इस समय भारत की अगुवाई आर प्रज्ञानंद कर रहे हैं, उन्हें मैग्नस कार्लसन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। इसके विपरीत, अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती को टूर्नामेंट के दूसरे ग्रुप में रखा गया है। वहीं इस प्रतियोगिता में कुल 750,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि हैं, जिसमें से 200000 अमेरिकी डॉलर विजेता के लिए आरक्षित हैं। प्रत्येक समूह में आठ खिलाड़ी होते हैं, और शीर्ष चार खिलाड़ी अगले चरण में आगे बढ़ेंगे। जबकि निचले आधे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। फिलहाल, भारत के प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट की शुरुआत नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ काले मोहरों से ड्रॉ खेलकर की। इसके बाद उन्होंने असाउबायेवा को हराया। तीसरे राउंड में उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए कीमर को हराया और फिर चौथे राउंड में कार्लसन को चौंका दिया। दरअसल, आर प्रज्ञानंद ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर-1 मैग्नस कार्लसन पर बेहतरीन जीत दर्ज की। 19 वर्षी प्रज्ञानंद ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन को महज 39 चालों में मात दी है। वहीं, डी गुकेश इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। जिसकी वजह भी अब सामने आ गई है। दरअसल, क्लासिकल विश्व चैंपियन होने के कारण गुकेश को सभी ग्रैंड स्लैम टूर इवेंट में एंट्री मिल जाती है। लेकिन गुकेश ने पिछले फ्रीस्टाइल

# भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति को लेकर सुनील छेत्री ने जताई चिंता

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी और कप्तान सुनील छेत्री ने भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताई है। हालांकि, उन्हें उसमें सुधार की उम्मीद भी दिख रही है। बता दें कि, शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट इंडियन सुपर लीग यानी ड्ढस्रुको अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने से खेल जगत चिंतित, आहत और डरा हुआ है। लीग में बेंगलुरु एफसी की ओर से खेलने वाले छेत्री ने कहा कि, उन्हें देश में इस खेल के भविष्य को लेकर आशंकाएं व्यक्त करने वाले फोन कॉल और संदेशों की बाढ़ आ गई है। 40 वर्षीय दिग्गज ने एक्स पर लिखा कि, मुझे सबसे पहले ये चिंता हुई कि मेरे पास खेल का जो समय बचा है उसको मैं कैसे बिताऊंगा। लेकिन कई क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मेरी समस्या उतनी अहम नहीं है। भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। मुझे न केवल मेरे क्लब से, बल्कि अन्य क्लबों से भी खिलाड़ियों, स्टाफ सदस्यों, फिजियो, मालिश करने वालों से ढेर सारे संदेश मिले हैं। छेत्री ने कहा कि, भारतीय फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र में अभी जो अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है

उससे हर कोई चिंतित, आहत और डरा हुआ है।

# कर्नाटक सरकार ने आरसीबी को भगदड़ का जिम्मेदार ठहराया, विराट कोहली का भी किया जिक्र

**बैगलुरू ,एजेंसी।** बेंगलुरु में मची भगदड़ मामले में कर्नाटक सरकार ने आरसीबी यानी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को ही जिम्मेदार बताया है। हाल ही में जारी हुई रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। साथ रिपोर्ट में क्रिकेटर विराट कोहली के एक वीडियो का भी जिक्र है। 4 जून को आईपीएल ट्रॉफी जीत के बाद हुए जश्न के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि कार्यक्रम के आयोजक डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड ने पुलिस को 3 जून को सिर्फ परेड के बारे में बताया था, लेकिन औपचारिक अनुमति नहीं मांगी गई थी। अनुमति लेना अनिवार्य है। इसमें कहा गया है कि इस तरह के आयोजन के लिए अनुमति 7 दिन पहले मांगी जाती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आरसीबी ने बगैर पुलिस से विचार विमर्श किए लोगों को न्योता दे दिया। इसमें कहा गया है कि सुबह 7 बजकर 1 मिनट पर एक फोटो पोस्ट किया गया था। जिसमें लोगों के लिए फ्री एंट्री की बात कही गई थी और विजय जुलूस के लिए न्योता दिया गया था। ये जुलूस विधानसभा से शुरू होना था और चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खत्म होना था।

साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि, 4 जून को सुबह 8 बजे एक पोस्ट और की गई और 8 बजकर 55 मिनट पर आरसीबी नए एक वीडियो क्लिप पोस्ट किया, जिसमें क्रिकेटर विराट कोहली नजर आ रहे थे। वह कह रहे थे कि टीम बेंगलुरु शहर के लोगों के साथ जीत का जश्न मनाना चाहती है। सरकार का कहना है कि इसके चलते 3 लाख से ज्यादा लोग आ गए और आयोजक या पुलिस इतनी भीड़ के लिए तैयार नहीं थे। इसके अलावा कन्फ्यूजन भी हुआ, क्योंकि दोपहर 3 बजकर 14 मिनट पर आयोजकों ने घोषणा कर दी कि स्टेडियम में आने के लिए पास की जरूरत होगी। खबर है कि इसके चलते लोग पैनिक हुए।



# लुंगी एनगिडी ने डेन स्टेन को पछाड़ा




**नई दिल्ली ,एजेंसी।** साउथ अफ्रीकाके तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने हमवतन दिग्गज डेन स्टेन को पछाड़ दिया है। वह साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान एनगिडी ने ये खास उपलब्धि हासिल की। जिम्बाब्वे, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच त्रिकोणीय टी20 सीरीज आयोजित की गई है। हरारे क्रिकेट ग्राउंड पर पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका आमने-सामने हैं।

साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लुंगी एनगिडी ने टिम सीफर्ट का विकेट लेकर एक खास उपलब्धि हासिल की। एनगिडी, डेल स्टेन को पीछे छोड़ते हुए टी20 सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे साउथ अफ्रीकी गेंदबाज बन गए हैं। पूर्व अफ्रीकी तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने 47 टी20 मैच में 64 विकेट लिए थे।

# पर इंग्लैंड में हुई पैसों की बारिश




**नई दिल्ली ,एजेंसी।** वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड में भी छाए हुए हैं उनके बल्ले से रनों की बारिश हो रही है। 14 साल के वैभव अभी तक कई रिकॉर्ड्स अपने नाम कर चुके हैं। हालांकि, इसके साथ ही वह मोटी कमाई भी कर रहे हैं। दरअसल, उनका प्लेइंग इलेवन में शामिल होना उनकी कमाई पर भी असर डाल रहा है। दरअसल, भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम, महिला टीम के साथ अंडर-19 टीम भी इंग्लैंड में हैं। इंग्लैंड में पहले इंडिया -19 और इंग्लैंड-19 के बीच 5 वनडे मैचों की सीरीज खेली गई। अब 2 टेस्ट मैचों की सीरीज हो रही है, जिसका पहला मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। वैभव सूर्यवंशी ने अब तक इंग्लैंड में खूब प्रभावित किया है। बीसीसीआई की तरफ से भारत के अंडर-19 खिलाड़ियों को मैच फीस के रूप में 20 हजार रुपये मिलते हैं। ये फीस प्रति दिन की होती है जो प्लेइंग 11 में शामिल होते हैं। वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड में हुए हर मैच की प्लेइंग 11 में शामिल रहे हैं। वैभव की इंग्लैंड में कमाई की बात करें तो उन्होंने हर मैच खेला, जहां 5 वनडे मैचों में प्रति मैच 20 हजार के हिसाब से 1 लाख रुपये हुए। इसके बाद भारत और इंग्लैंड के बीच चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला गया चार दिन की कमाई 80 हजार रुपये हुए। इसका मतलब है कि, अभी तक वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड में 1 लाख 80 हजार रुपये कमा चुके हैं।

# पत्नी अंजुम खान से लड़ते हुए दिखे शिवम दुबे

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर शिवम दुबे ने अपनी शादी की सालगिरह मना रहे हैं। इस कड़ी में उन्होंने 16 जुलाई 2025 को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें वह अपनी पत्नी अंजुम खान के साथ दिख रहे हैं। यही पोस्ट अंजुम खान के इंस्टाग्राम हैंडल से भी शेयर की गई। पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि, सालगिरह मुबारक हो मेरा प्यार।

अंजुम खान ने भी कमेंट में लिखा कि, शादी की सालगिरह मुबारक हो, मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं। हालांकि, वीडियो देखने के बाद आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे। वीडियो में शिवम की पत्नी अंजुम ने लिपसिंग की है।

वीडियो में दिख रहा है कि शिवम और अंजुम बिस्तर पर लेटे हुए हैं। बैकग्राउंड से डायलॉग बोला जा रहा है और अंजुम अपने होठ से उन्हीं शब्दों को दोहरा रही हैं। अंजुम कह रही हैं कि, हमने सोचा था कि दोनों मिलकर दुनिया से लड़ेंगे लेकिन हमारी खुद की लड़ाइयां कम नहीं हो रही हैं। इसके बाद दोनों एक दूसरे के बाल पकड़कर खींचने लगते हैं। तभी बैकग्राउंड से हंसने की भी आवजें आने लगती हैं।





फैंस को मैरिज एनिवर्सरी पर शिवम और अंजुम का इस तरह का वीडियो काफी पसंद आ रहा है।

# नीतीश कुमार रेड्डी को फायदा तो शुभमन गिल को हुआ घाटा, इंग्लैंड के दिग्गज जो रूट नंबर-1 पर काबिज

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** आईसीसी ने बुधवार को टेस्ट प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इस रैंकिंग के तहत इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने अपने हमवतन हैरी ब्रूक से बादशाहत छीन ली है। रूट फिर से नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। उनके खाते में फिलहाल 888 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में शतक लगाने के अलावा 40 रनों की पारी खेली थी। ब्रूक ने पिछले हफ्ते रूट को पछाड़ा था लेकिन लॉर्ड्स में खराब प्रदर्शन के बाद अब तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उनके 862 अंक हैं। वहीं न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज केन विलियमसन दूसरे नंबर पर हैं।



वहीं, कप्तान शुभमन गिल समेत तीन भारतीय बल्लेबाजों को घाटा झेलना पड़ा है। गिल तीन स्थान लुढ़ककर 9वें पर आ गए हैं। उनके 765 अंक हैं। गिल ने लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में कुल 22 रन बनाए। ओपनर यशस्वी जायसवाल (801) और विकेटकीपर ऋषभ पंत (779) को एक-एक पायदान का नुकसान हुआ। यशस्वी मैच में सिर्फ 13 रन बना सके। उनका दूसरी पारी में खाता नहीं खुला था। पंत ने पहली पारी में 74 रन जुटाए थे लेकिन दूसरी पारी में 9 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। भारत को लॉर्ड्स में 22 रनों से करीबी हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद इंग्लैंड पांच टेस्ट की सीरीज में 2-1 से आगे है।

हालांकि, टीम इंडिया के नीतीश कुमार रेड्डी को फायदा हुआ है। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने लॉर्ड्स टेस्ट में बल्ले से तो कोई खास योगदान देने में कामयाब नहीं हो सके थे, लेकिन गेंदबाजी में जरूर उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। इस रैंकिंग में नीतीश कुमार रेड्डी ने सीधे 25 स्थानों की छलांग लगाई है। वह अब आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में 65 रैंकिंग पॉइंट के साथ सीधे 62वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स भी अपने रैंकिंग में सुधार करने में कामयाब हुए हैं। वह ऑलराउंडर रैंकिंग में अब 14 स्थानों की छलांग के साथ संयुक्त रूप से 26वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

जबकि टीम इंडिया के रवींद्र जडेजा अब भी पहले स्थान पर बरकरार हैं। जडेजा अभी 409 रेटिंग पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ अभी तक तीन टेस्ट मैचों में गेंद से कोई खास कमाल नहीं दिखाया है लेकिन बल्लेबाजी में जरूर कमाल दिखाने में कामयाब रहे हैं।

# विराट कोहली और रोहित शर्मा के वनडे भविष्य को लेकर बीसीसीआई ने दिया अपडेट

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** पहले टी20 और फिर टेस्ट से संन्यास के बाद अब टीम इंडिया के दो दिग्गज विराट कोहली और रोहित शर्मा अब सिर्फ वनडे मैच खेलते हुए दिखेंगे। लेकिन सवाल ये है कि, ये दोनों दिग्गज क्या अभी वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारत की तरफ से खेलते दिखेंगे? हालांकि, माना ये भी जा रहा है कि, दोनों का लक्ष्य 2027 का एकदिवसीय वर्ल्ड कप खेलने और भारत को फिर चैंपियन बनाने का है। फिर भी क्या वे तब तक खेल पाएंगे? ये सवाल तो बाद में आएगा, अभी तो सवाल यही है कि क्या वे वनडे में दिखेंगे इसे लेकर अब बीसीसीआई ने बड़ा अपडेट दिया है।




दरअसल, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने विराट और रोहित के वनडे भविष्य पर अनिश्चितता के छंटे बादलों को साफ कर दिया है। शुक्ला ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में दो टूक कहा कि टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके हैं ये दोनों दिग्गज एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि, मैं इसे एकदम से स्पष्ट कर देना चाहता हूं।

शुक्ला ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में दो टूक कहा कि टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके ये दोनों दिग्गज एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि, मैं इसे एकदम से स्पष्ट कर देना चाहता हूं।

राजीव शुक्ला ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर कहा कि, हमें उनकी कमी हमेशा खलेगी, वो महान बल्लेबाज हैं और हमारे लिए अच्छी बात है कि वनडे के लिए वो सब उपलब्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि दो टूक के बाद अब इस बात की उम्मीद बढ़ गई है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा 2027 में दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में दिख सकते हैं।

फिलहाल, भारतीय टीम अभी इंग्लैंड के दौरे पर है जहां देशों के बीच 5 टेस्ट मैच की सीरीज चल रही है। 3 टेस्ट हो चुके हैं जिनमें भारत को एक में जीत और 2 में हार मिली है। सीरीज का अगला टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। आखिरी और पांचवां मैच 31 जुलाई से 4 अगस्त तक खेला जाएगा।

इंग्लैंड दौरे के बाद भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज की मेजबानी करेगी। अगर टीम के अगले वनडे सीरीज की बात करें तो वेस्टइंडीज के साथ टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद भारतीय टीम 3 वनडे मैच की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। उम्मीद है कि उसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा खेलते हुए नजर आएंगे।

## कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूटा, जिले में परीक्षाएं टली

# सतना-चित्रकूट में फिर बाढ़ जैसे हालात

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति बिगड़ने लगी है। निचली बस्तियों में पानी भर गया है। कई घरों में पानी घुस गया है।

शहर के सर्किट हाउस चौक, प्रेम नगर अंडर ब्रिज और पन्ना नाका में जलभराव की स्थिति है। डालीबाबा से टिकुरिया टोला को जोड़ने वाले रपटे पर पानी बह रहा है। भरहुत नगर नाला ओवरफ्लो हो चुका है। नगर निगम का अमला सड़कों पर गड्ढों के पास डिवाइडर लगा रहा है। जिले की प्रमुख नदियां और नाले उफान पर हैं। कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले 24 घंटे की तेज बारिश से बाढ़ जैसे हालात बने थे। सड़कों पर नावें चलानी पड़ी थीं।

प्रशासन ने एसडीआरएफ की टीम को अलर्ट कर दिया है। प्रमोद वन में राहत केंद्र बनाया गया है। संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लोगों को शिफ्ट करने की तैयारी है। जिला प्रशासन ने पूरे जिले में अलर्ट जारी किया है। लोगों से नदियों और नालों के पास न जाने की अपील की गई है। राहत एवं बचाव दलों को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।





**जिले में सभी परीक्षाएं स्थगित:** सतना में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण शासकीय स्वशासी महाविद्यालय सतना की सभी परीक्षा स्थगित कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. एस सी राय ने बताया कि महाविद्यालय सतना में 17,18,और 19 जुलाई को होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी गई है।

**जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम संचालित:** मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश के अनुसार अतिवर्षा एवं बाढ की स्थिति में निपटने की पूर्व तैयारियों संबंधी जिला स्तरीय विभागों की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार बाढ-आपदा स्थिति में आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कन्ट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है। सतना में 10 जून 2025 से 24 घण्टे कार्यशील कन्ट्रोल रूम कलेक्ट्रेट भवन के प्रथम तल कक्ष क्रमांक एफ-19 में जिला स्तरीय कन्ट्रोम रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07672-223211 है। कन्ट्रोल रूम हेतु अधिकारियों कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। कन्ट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी राहत शाखा एवं डिप्टी कलेक्टर राहुल सिलाडिया मो. 7987425459 को बनाया गया है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा स्थापित कन्ट्रोल रूम के लिए अधीक्षक भू-अभिलेख-भू-प्रबंधन मुन्नालाल तिवारी कन्ट्रोल रूम के सहायक अधिकारी होंगे। इसी प्रकार कन्ट्रोल रूम में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए सहायक ग्रेड-3 कैलाशनाथ वर्मा, भृत्य चंद्रभान गुप्ता, स्थाई कर्मी परमेन्द्र त्रिपाठी, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिये सहायक ग्रेड-3 राहुल चौहान, चौकीदार संजय श्रीवास्तव, चतुर्थ श्रेणी सूरज प्रसाद वर्मा तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक के लिये सचिव हरिमोहन शुक्ल, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित कुमार गुप्ता एवं भृत्य सुरेश कुमार वर्मन को नियुक्त किया गया है। साथ ही रिजर्व में चैनमेन जय सिंह, भृत्य प्रमोद पाण्डेय, ट्रेसर राजनारायण के नाम शामिल है।

यह कन्ट्रोल रूम 30 सितंबर 2025 तक निरंतर (अवकाश के दिनों में भी) चालू रहेगा। कर्मचारी कन्ट्रोल रूम में आने वाली अतिवर्षा एवं बाढ की सूचना का संपूर्ण विवरण (सूचनाकर्ता को नाम, मोबाइल नम्बर, सूचना प्राप्त होने का समय, प्रभावित क्षेत्र, ग्राम, वार्ड, तहसील की जानकारी, बाढ का स्वरूप, घटना विवरण इत्यादि संबंधी विस्तृत जानकारी) कन्ट्रोल रूम में संधारित रजिस्टर में दर्ज करेंगे। इसके पश्चात बाढ प्रभावित क्षेत्र से संबंधित प्रमुख अधिकारी से दूरभाष पर तत्काल संपर्क कर सूचना से अवगत करायेंगे। जिस पर संबंधित प्रमुख अधिकारी इस संबंध में तत्काल समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम दूरभाष के माध्यम से प्राप्त समस्त अतिवर्षा, बाढ स्थिति सूचनाओं एवं कृत कार्यवाही की संपूर्ण जानकारी से प्रभारी अधिकारी राहत शाखा को प्रतिदिन अवगत करायें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अतिवर्षा के दृष्टिगत सभी अधिकारी, कर्मचारी आदेश कडाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सभी एसडीएम और विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में भारी बरसात की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए फील्ड में सतत निगरानी रखें। इस दौरान राहत एवं बचाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर करें। अमले को लगातार सक्रिय रखें।

### सतना जिले में अब तक 459.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जिले में इस वर्ष 1 जून से 17 जुलाई तक 459.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 570.3 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 339.2 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 534.5 मि.मी, बिरसिंहपुर में 339.2 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 425.2 मि.मी., नागौद में 588.7 मि.मी., जसो (नागौद) में 192.3 मि.मी. एवं उचेहरा में 688.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 173 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

## सतना में रेलवे कॉलोनी के गड्ढे में दो दोस्त डूबे, शव निकाले

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना की रेलवे कॉलोनी में मनोरंजन सदन के पीछे स्थित गड्ढे में दो दोस्त डूब गए, जिसमें एक किशोर की मौत हो गई, जबकि दूसरा लापता है। हादसा गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे हुआ। मृतक की पहचान नितिन कुशवाहा (15) और अमन भट्ट (16) के रूप में हुई है।

बता दें कि, सतना में पिछले 18 घंटों से लगातार हो रही बारिश के कारण कई जगह पानी भर गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मौके पर मिले जूते और कपड़ों से अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों नहाने के लिए गड्ढे में उतरे थे।

**एसडीआरएफ की टीम कर रही रेस्क्यू:** घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। जीआरपी और सिटी कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पहले शाम करीब 5.45 बजे नितिन कुशवाहा का शव मिला। इसके बाद अमन की तलाश जारी थी। इसके बाद एसडीआरएफ टीम ने शाम करीब 6.45 बजे उसका शव निकाला।

अमन के पिता पिंटू भट्ट रेलवे स्टेशन सतना के सीएंडडब्ल्यू विभाग में कार्यरत हैं। परिजनों ने बताया कि अमन की कक्षा 11वीं में एडमिशन लेने वाला था। हादसे के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने युवक को कुचला, मौत

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में एक युवक को स्कॉर्पियो कार ने कुचल दिया। युवक की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार कार सड़क से नीचे पलट गई। इसका वीडियो सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि तेजी से आती कार पहले युवक को टक्कर मारती है, उसको कुचलते हुए निकलती है।

उसके बाद कार अनियंत्रित होकर पलट जाती है। कार के पलटते ही आसपास के लोग वहां एकत्रित हो जाते हैं। हादसा नेशनल हाईवे 39 सतना नागौद के बीच मढ़ी खुर्द गांव के पास हुआ। मृतक भूपेंद्र बागरी नगर निगम में ठेकेदारी करता था।



युवक गांव के सामने मेन रोड पर पैदल जा रहा था। हादसे के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे खेत में घुस गई। स्कॉर्पियो सवार 3 युवकों ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल नागौद भेज दिया है।

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में रामायण शोधपीठ की स्थापना का हुआ उद्घाटन

# श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है: रामभद्राचार्य जी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में रामायण शोधपीठ की स्थापना की जाएगी। जगतगुरू रामभद्राचार्य के साथ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं संस्कृति राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने शिलापट्टिका का अनावरण किया। विश्वविद्यालय के शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए जगतगुरू ने कहा कि राम चारित्र वत्सल हैं। उनका आदर्श अनुकरणीय है। जितना विपुल साहित्य भगवान राम का है उतना और किसी का नहीं है। रामायण शोध पीठ की स्थापना रीवा विश्वविद्यालय के लिए शुभ हो और यह रामायण के शोधार्थियों के लिए वरदान बने। इसकी स्थापना रीवा के पूर्व महाराज रामायण अनुरागी रघुराज सिंह को श्रद्धांजलि भी होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आचार्यों को ऐसी मर्यादा प्रस्तुत करनी चाहिए जिससे शिष्य उनका अनुकरण करें। जगतगुरू ने रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किए जाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि तुलसी जयंती के अवसर पर तुलसी शोध पीठ में रामायण शोध चित्रकूट पीठ की स्थापना की जाएगी।

कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत आध्यात्म धर्म और संस्कृति है। इनके साथ से ही विकास वरदान बन जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस विन्ध्य भूमि में भगवान राम ने वनवास के 14 वर्ष बिताये वहाँ रामायण पीठ की स्थापना आवश्यक है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने अनुकरणीय कार्य किया है। आज का दिन अविस्मरणीय रहेगा जब जगतगुरू के कर-कमलों से पीठ की स्थापना का उद्घाटन हुआ। रामायण पीठ के माध्यम से रामायण के गुणों को अंगीकार करने और शोधार्थियों को नवीनतम शोध में मदद मिलेगी।








उन्होंने रामायण पीठ के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा आश्वस्त किया कि अन्य आवश्यकताओं की भी पूर्ति की जाएगी।

कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि रामायण के माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रगटीकरण होता है। चरित्रवान व मर्यादाशील होने का भगवान राम से सीख मिलती है। रामायण की शिक्षाएं आज के परिवेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हम सबको इन उपदेशों को अंगीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामायण से जीवन की दशा को सुधार कर चरित्रवान बनते हुए देशहित के लिए सीख मिलती है। सभी सुखी हों और सबका कल्याण हो यह रामराज्य की परिकल्पना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जनार्दन मिश्र ने रामायण पीठ की स्थापना के लिए साधुवाद देते हुए सांसद निधि से 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। कुलगुरू दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट शिशिर पाण्डेय ने कहा कि रामायण में लोकमंगल की भावना निहित है। समाज और राष्ट्र के उत्थान में जगतगुरू का महान योगदान है। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन देते हुए कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि देश के चौथे रामायण शोध पीठ की स्थापना अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में की जा रही है। नोडल अधिकारी नलिन दुबे ने शोध पीठ की स्थापना एवं उसके महत्व के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम को तुलसी पीठ के रामचन्द्र दास ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन कुलगुरू अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रोफेसर राजेन्द्र प्रसाद कुड़रिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ अतुल तिवारी ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय सहित आचार्यगण, गणमान्यजन, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्वच्छता में रीवा की बड़ी छलांग देश में 5वां और प्रदेश में 6वां स्थान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए देशभर में 50,000 से 3 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में 5वीं रैंक हासिल की है। मध्यप्रदेश में रीवा ने 6ठा स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रपति भवन से 17 जुलाई को जारी स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में रीवा ने 3 स्टार से उछलकर 5 स्टार रेटिंग प्राप्त की। पिछले साल रीवा 42वें (राष्ट्रीय) और 10वें (प्रदेश) स्थान पर था, लेकिन इस बार निगम की मेहनत और नागरिक सहयोग से यह बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि कचरा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण, सड़क सफाई, डंपिंग साइट प्रबंधन और




नागरिक जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। कमियों को सुधारकर रीवा ने प्रदेश में केवल तीन 5 स्टार शहरों में जगह बनाई। आयुक्त ने इस सफलता को शहरवासियों, जनप्रतिनिधियों और निगम टीम की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता अभियान में निरंतर सहयोग की अपील की।

## हनुमना-रीवा मार्ग पर आरटीओ की सख्त कार्रवाई, दो बसें जप्त, आठ के चालान




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा आरटीओ विभाग ने हनुमना-रीवा मार्ग पर यात्री बसों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। हनुमना चेक पॉइंट और रीवा परिवहन सुरक्षा स्क्वॉड ने बसों की किराया सूची, परमिट वैधता और अवैध संचालन की गहन जांच की। जांच में कई बसों में किराया सूची न चस्पा होने और वैध परमिट न होने की अनियमितताएं पाई गईं। आरटीओ टीम ने मौके पर ही दो बसों को दस्तावेजों के अभाव में जप्त किया और आठ बसों के खिलाफ किराया सूची न होने पर चालान जारी किए। अधिकारियों ने बस संचालकों को मोटर वाहन अधिनियम 1988 का पालन करने की कड़ी चेतावनी दी। आरटीओ अधिकारी ने बताया कि यह अभियान यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और नियमित किराया प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया। यात्रियों से किराए और टिकटों की जानकारी ली गई, जिन्होंने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए मनमाने किराए और अवैध संचालन से राहत की बात कही। विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी औचक निरीक्षण जारी रहेंगे ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर अंकुश लगे और यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिलें।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।